रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,086.21 +33.02
डॉलर 83.826 -0.103
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 24 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 202, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 नीरज चोपड़ा फिर 90 से नीचे

## स्व. बिनोद बिहारी महतो
की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर
की लाखों बहनों को
## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से
सिंदूर मैदान, हजारीबाग

**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹12 हजार

- 46 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333644 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

### अधिकार मार्च में बोलीं झामुमो सांसद महुआ माजी

# कोयला रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ नहीं दे रहा केंद्र

▶ *युवा आक्रोश रैली झारखंड को अशांत करने की कोशिश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने केंद्र सरकार के खिलाफ शुक्रवार को 'अधिकार मार्च' निकाला। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च निकालने के बाद वहां झामुमो नेताओं ने एक जनसभा को संबोधित किया। राज्यसभा की सांसद महुआ माजी ने मोरहाबादी में आयोजित भाजपा की युवा इकाई भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली को झारखंड को अशांत करने की कोशिश करार दिया। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झामुमो का यह मार्च केंद्र सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ खिलवाड़ कर रही है। सिर्फ कोयले की रॉयल्टी के 1.36 लाख करोड़ बकाया हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कई बार केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह पैसे राज्य सरकार को दिए जाएं। मैंने खुद राज्यसभा में इसका मुद्दा उठाया, लेकिन अब तक झारखंड को उसके हक के पैसे नहीं मिले हैं। कार्यक्रम केंद्रीय सचिव नन्द किशोर मेहता, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष बीरू तिर्की, रामानंद बेदिया, जनक नायक, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरू साहू, जिला सचिव हेमलाल कु मेहता, संयुक्त सचिव आदिल इमाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




**कोयले की रॉयल्टी से झारखंड के युवाओं को मिलेगा रोजगार**

उन्होंने कहा कि अगर ये पैसे झारखंड सरकार को मिल जाएं, तो उस पैसे से यहां के तमाम युवाओं को रोजगार मिल सकती है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि झारखंड का अधिकार देने की बजाय केंद्र की भाजपा सरकार यहां के युवाओं को भड़का रही है। युवा आक्रोश रैली निकाल रही है। इसका उद्देश्य झारखंड को अशांत करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र अपनी मंशा पूरी करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है।

**झारखंड में बार-बार चलाया जा रहा ऑपरेशन लोटस**

महुआ माजी ने केंद्र सरकार पर झारखंड में ऑपरेशन लोटस चलाने का भी आरोप लगाया। कहा कि बार-बार प्रदेश में ऑपरेशन लोटस चलाने का प्रयास होता है। केंद्रीय जांच एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के जरिए चुनी हुई सरकार को परेशान किया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया जाता है, राज्य सरकार के खिलाफ बार-बार षड्यंत्र किया जाता है। केंद्र सरकार को हर हाल में झारखंड को उसका अधिकार देना होगा। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने झारखंड के हक एवं अधिकार को छीनने का कार्य किया है। केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों में हमेशा झारखण्ड राज्य की उपेक्षा की गई है। झारखंडि यों के हक- अधिकार एवं सम्मान को कुचलने का प्रयास किया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार के झारखण्ड विरोधी मानसिकता एवं दोहरे चरित्र के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंडी अधिकार मार्च निकाला है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला के सभी केंद्रीय सदस्य, जिला के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठन के पदाधिकारी, प्रखंड एवं पंचायत के सभी पदाधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

# यह राज्य सरकार की हताशापूर्ण कार्रवाई है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में युवा आक्रोश रैली पर हुए लाठीचार्ज और पुलिसिया बर्बरता पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निंदा की है।



उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार से झारखंड के युवा उनके ही वायदों का जवाब मांगने आए थे। रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, युवाओं पर हो रहे अत्याचार, आदिवासियों पर हो रहे जुल्म, महिलाओं पर हो रहे व्यभिचार जैसे मुद्दों पर झारखंडवासियों को झूठे सपने दिखाकर हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने। सेठ ने कहा कि सीएम बनने के बाद हेमंत सोरेन ने 5 साल में झारखंड में भ्रष्टाचार, अत्याचार को बढ़ावा देने का काम किया है। इन सब चीजों का जवाब मांगने राज्यभर के युवा मोरहाबादी आए थे। शांतिपूर्ण तरीके से युवा प्रर्दशन कर रहे थे, सरकार से जवाब मांग रहे थे परंतु मुख्यमंत्री ने अपनी तानाशाही का परिचय दिया। पहले तो कंटीले तारों की बेरीकेटिंग की और युवा जब जवाब मांगने के लिए आगे बढ़े तो उन पर लाठियां बरसाई। आंसू गैस के गोले छोड़े। ऐसा करके मुख्यमंत्री ने अपने डर को प्रमाणित किया है। युवा इनकी ईट से ईट बजाने को तैयार हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अब इस राज्य के युवा यह तय कर चुके हैं कि युवाओं पर लाठियां बरसाने, रोजगार मांगने वाले पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करने वाली, आदिवासी महिला अत्याचार पर मुखर होकर बोलने वालों पर यह सरकार तानाशाही कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिला एबीवीपी का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक शिष्टमंडल ने राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

### हाईकोर्ट ने ईडी से चाईबासा मनरेगा घोटाला जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। कोर्ट ने ईडी से दो सप्ताह में इस मामले में दर्ज ईसीआईआर केस की अब तक की जांच रिपोर्ट मांगी है। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज 14 केस की जांच पूरी हो गई है और 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया गया, जिस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी इस मामले की जांच कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चाईबासा में उक्त 3 वित्तीय वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे। चाईबासा में मनरेगा में घोटाला की जांच को लेकर वर्ष 2013 में जनहित याचिका दाखिल की थी। बाद में कोर्ट ने इस मामले को निष्पादित कर दिया था। इसके बाद में वर्ष 2021 में फिर से जनहित याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है।

### रिम्स में घायलों से मिले भाजपा नेता



**रांची।** मोरहाबादी में शुक्रवार को आयोजित भाजपा युवा मोर्चा के युवा आक्रोश रैली में पुलिस की कार्रवाई से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घायल हो गए, जिनका रिम्स और अन्य अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। घायलों को देखने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य वरीय नेता पहुंचे। बाद में पत्रकारों से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में आक्रोश रैली की सभा के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए शांतिपूर्वक मार्च निकाल रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर जिस प्रकार का रवैया राज्य सरकार ने दिखाया वह कायरतापूर्ण है।

### सीसीएल को सीएसआर टाइम्स अवार्ड 2024 से किया गया सम्मानित



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी, रांची में खेल अकादमी के बेहतर संचालन के लिए पीएसयू श्रेणी में सीएसआर टाइम्स अवार्ड 2024 (गोल्ड अवार्ड) से सम्मानित किया गया। 23 अगस्त 2024 को गोवा में आयोजित एक समारोह के दौरान यह अवार्ड राज्यसभा सांसद सदानंद शेट तानावड़े द्वारा दिया गया। जेएसएसपीएस परियोजना से जुड़े सीसीएल टीम द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया। ज्ञात हो कि झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस), झारखंड सरकार के सहयोग से चलाई जा रही है। सीसीएल की इस सीएसआर पहल के तहत राज्यव्यापी प्रतिभा खोज के माध्यम से चुने गए 291 लड़कों और लड़कियों को 11 अकादमियों में प्रतिभाशाली एवं अनुभवी कोच द्वारा राष्ट्रीय खेल संरचना का उपयोग कर मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण एवं स्कूली शिक्षा प्रदान की जा रहा है। अधिकांश कैडेट अनुसूचित जाति/ जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अन्य वंचित समुदायों से संबंधित हैं। अकादमी झारखंडी बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं में बदल रही है और लाभार्थियों के जीवन को शिक्षा के साथ खेलों के माध्यम से नयी दिशा प्रदान कर रही है।

### भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में गरजे नेता व कार्यकर्ता, बोले बाबूलाल मरांडी

# वादों पर खरा नहीं उतरने के लिए माफी मांगें हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा के आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप याद कीजिए झारखंड की सरकार ने नौजवानों को किस प्रकार ठगा है। उन्होंने झारखंड के युवाओं से प्रतिवर्ष 5 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। बेरोजगारी भत्ता की बात इन्होंने विधानसभा में कही थी। इतना ही नहीं उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं करने पर राजनीति से संन्यास लेने की बात कही थी। 5 साल गुजर गए, लेकिन हेमंत सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं दे पाई। नौकरी तो दिया नहीं और सन्यास भी नहीं लिया तो अगर थोड़ी भी आपमें नैतिकता बची हो तो आपको सार्वजनिक रूप से अपनी वादाखिलाफी को लेकर नौजवानों से माफी मांगनी चाहिए। आप झूठ भी बोलते हो और माफी भी नहीं मांगते हैं तो जनता आपके दरवाजे तक उसका हिसाब मांगने पहुंची हुई है। आप माफी मांगिए, नहीं तो राज्य भर के युवा आपसे हिसाब मांगने आपकी चौखट पर ही आ रहे हैं।

#### गरीबों को 72,000 रु देने का किया था वादा

2019 में घोषणा किया था कि सरकार बनेगी तो गरीबों को साल में 72000 रुपए देंगे। यह पैसा तो गरीबों को सरकार ने दिया नहीं तो 5 साल का जोड़कर हेमंत सोरेन सरकार को यह रकम देनी चाहिए। दिव्यांगो और वृद्धों को 2500 रुपए महीना पेंशन की बात कही थी, वह भी वादा पूरा नहीं किया। इसलिए गरीबों के साथ ये दिव्यांग, ये बुजुर्ग भी अपना हिसाब किताब आपसे करने आए हुए हैं, सभी को पैसा आपको देना पड़ेगा। इतना ही नहीं ग्रीन कार्ड के माध्यम से 10 लाख गरीबों को 5 किलो अनाज मुफ्त देने का वादा किया था। ये लोग भी 5 साल का राशन लेने के लिए बोरा लेकर पहुंचे हैं इनको राशन दे दीजिए। वैसे आप राशन क्या देंगे, जब उक्त सारे लोग रांची कार्यक्रम में आ रहे थे तो कल से ही इन्हें रोकने की कोशिश किया जा रहा है। पहले गाड़ी वालों को रोकने की कोशिश की फिर राज्य के हर थाना क्षेत्र में रांची आने वाली हर सड़क पर पुलिस की पहरेदारी लगा दी ताकि कार्यक्रम में लोग पहुंच नहीं सकें। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने हमें देश के अंदर यह हक दिया है कि हम अपनी मांगों को लेकर रैली, प्रदर्शन, जुलूस, कर सकते हैं। लोकतंत्र में धरना, आंदोलन, रैली करना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार होता है। अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन के 40 वर्षों में हमने पहली बार देखा कि कोई सरकार इस प्रकार से नुकीले तार के कांटों से घेराबंदी कराई है। ताकि युवा और जनता अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मोराबादी मैदान नहीं पहुंच सके।

#### हेमंत युवाओं का आक्रोश देखकर डरे सहमे हैं

उनकी सरकार घबराई हुई है। प्रदेश की जनता- जनार्दन देख रही है, किस प्रकार से युवाओं के आंदोलन को तानाशाही तरीके से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। हेमंत सोरेन जी , हम लोग तो इस आंदोलन को रांची के मोरहाबादी मैदान में करने वाले थे लेकिन आपने जिस प्रकार रोकने और कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की पूरे राज्य में नौजवानों को उग्र कर दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि जब तक राज्य के युवाओं को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक यह संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा। राज्य के युवाओं को ठगकर सत्ता हथियाने वाले आज मुंह छिपाकर दुबके हुए हैं। युवाओं के एक एक सवालों का हिसाब और जवाब आपको देना पड़ेगा मुख्यमंत्री जी। कार्यक्रम के दौरान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, रविंद्र कुमार राय, अभयकांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, राकेश प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, मनीष जयसवाल, ढुल्लू महतो, विधायक सीपी सिंह, नीरा यादव, नारायण दास, आरती कुजूर , विकाश प्रीतम, बालमुकुंद सहाय, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अमरदीप यादव, पवन साहू, रूपेश सिन्हा सहित हजारों की संख्या में राज्य के सभी हिस्सों से नेताओं , युवाओं और आम लोग उपस्थित थे।




**झारखंड युवाओं के नेतृत्व में फिर एक उलगुलान के लिए तैयार : बाउरी**



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड युवाओं के नेतृत्व में फिर एक उलगुलान के लिए तैयार है। जिन युवाओं को ठगकर यह जुल्मी सरकार सत्ता में आई, उस सरकार को यह डर दिखाना जरूरी था। यह डर अच्छा है हेमंत जी, आप संगीनों के साए में कटीले तार लगाकर एक बुझदील की तरह सीएम आवास में बैठे हुए हैं और राज्य के युवा सड़क में संघर्ष कर रहे हैं। युवा आपके और आपके प्रशासन के रोकने से रुकने वाले नहीं हैं और मैदान में लाखों की उपस्थिति आपकी सरकार का भविष्य बताने के लिए काफी है। इस सरकार को तो बांग्लादेशी घुसपैठियों से प्यार है लेकिन झारखंड के युवाओं को फटकार है। राज्य का युवा जब आपकी घोषणा के अनुसार 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता की मांग करते हैं, अनुबंधकर्मी स्थायीकरण की बात करते हैं, परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग किया जाता है तब सरकार कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है। इस सरकार ने नौकरियां नहीं दी, जो दी भी उसके पद को बेचने का काम किया गया। सीजीएल हो, जेई, नेट का परीक्षा हो, जेटेट, जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षा हो सारे को बेचने का काम किया है। झारखंड छोड़कर कहीं देखने को नहीं मिलेगा कि 100 में 252 अंक अभ्यर्थी को प्राप्त होता हो। जेपीएससी की परीक्षा को जांचने के लिए घंटी आधारित शिक्षकों को जांच की जिम्मेवारी दे दी गई। यह युवा विरोधी सरकार है। इस सरकार को मेडिका का डॉक्टर मुश्ताक अहमद नहीं दिखता जो यहां अलकायदा का मॉड्यूल लागू करने की कवायद में जुटा रहा। कई आतंकी पकड़े गए। इस सरकार को गाय बथान का दानदू हेंब्रम नहीं दिखता, केकेएम कॉलेज में आदिवासियों छात्रों को पीटा गया यह नहीं दिखता, करमा उरांव के जमीन पर मस्जिद बन रही है यह नहीं दिखता। पारा शिक्षक सरकार से अधिकार मांगने आते हैं तो इनपर लाठियां बरसाई जाती है। सरकार को भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली दिखती है जो सरकार की वादा खिलाफी को लेकर जवाब मांगने आए हैं। हम बिरसा, सिदो कान्हु की धरती से हैं, हम कंटीलों तारों से डरने वाले नहीं है। आप कितना भी ताकत लगा लीजिए, ये युवाओं का जनसैलाब रुकने वाला नहीं है।

### युवा झामुमो के निश्चय पत्र का हिसाब मांग रहे हैं : दीपक प्रकाश



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। राज्य भर से युवा झामुमो के निश्चय पत्र में किए गए घोषणाओं का हिसाब लेने आए हैं। झारखंड सरकार ने इस दौरान जो रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका गया, इससे साबित होता है कि सरकार डरी सहमी हुई है। यह विदाई का संकेत है। ऐसी सरकार पूरे जीवन में कभी नहीं देखा। यह आपातकाल की पुनरावृत्ति है। नौकरी, बेरोजगारी के सवालों पर भागने वाला मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा। घोषणा पत्र के सारे दावे फेल हैं। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने खटट कार्यकताओं की तरह लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। बीजेपी का जन्म ही दमन से हुआ है , इस दमन से भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। हम संकल्प लेते हैं कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

### सभी मोर्चे पर हेमंत सरकार फेल राज्य का किया नुकसानः भानू



विधायक सह युवा आक्रोश रैली कार्यक्रम के संयोजक भानू प्रताप शाही ने कहा कि इस सड़ी गली सरकार को धक्का देने के लिए लाखों युवा यहां आए हैं। ना आपकी पुलिस रोक पाई ना प्रशासन, यहां से युवाओं की हुंकार आपके कानों तक जरूर पहुंच रही होगी। हर साल 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, नहीं तो राजनीति से सन्यास लेने के आपके वादे को याद दिलाने आए हैं। सभी मोर्चे पर आपकी सरकार फेल है। 5 साल हो गया स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बनाया, 60/40 का नियोजन नीति बना दिया। आज की तारीख में अगर सर्वे करा दिया जाए तो सबसे कमजोर मुख्यमंत्री में हेमंत सोरेन का नाम आएगा। युवाओं ने अब ठान लिया है कि आपकी सरकार को उखाड़ फेंकना है। आपने संविदा कर्मियों को नियमित तो नहीं किया परंतु उनको पीटने और पिटवाने का काम जरूर किया। बैरिकेटिंग पर तार लगाने वाली बांग्लादेशी और तालिबानी सरकार को, युवाओं को ठगने वाली सरकार को हर हाल में जानी चाहिए।

### लोगों को ठगने और गुमराह करने का काम किया : रोहित चहल

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रोहित चहल ने कहा कि जिस प्रकार का माहौल झारखंड का है, पूरा देश देख रहा है। यहां के मुख्यमंत्री झूठे और हैं। इन्होंने लोगो को ठगने और गुमराह करने का काम किया। इनके सारे वादे झूठे निकले। घोटाले में सरकार है या सरकार में घोटाला, पता नहीं। कानून व्यवस्था लचर है। तुष्टिकरण की राजनीति चरम सीमा पर है। मुख्यमंत्री का आदिवासी राग केवल ड्रामा है। इस सरकार को केवल परिवार और भ्रष्टाचार से मतलब है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाएं नगर निकाय : प्रधान सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि हर शहरी गरीब परिवार के पास उनका अपना आवास हो और उनके अपने ही शहर में उन्हें रोजगार मिले इसको लेकर राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। उन्होंने शुक्रवार को राज्य के नगर निकायों की समीक्षा बैठक में कहा कि नगर निकाय, गरीबों को आवास दिलाने, रोजगार उपलब्ध कराने, सभी नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, शहर की साफ सफाई के साथ-साथ कैसे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो इसपर संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी जरुरत की चीजों को लेकर बेहद संवेदनशील है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किफायती आवास योजना और लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण योजना, दीनदयाल अंत्योदय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनीधि योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, स्वच्छ भारत मिशन व अमृत योजना सहित जुडको द्वारा क्रियान्वित कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। सुनील कुमार ने इस योजना की गहन समीक्षा की और कहा कि इसके तहत निमार्णाधिन भवनों तक बिजली पहुंचाने के लिए वो बिजली विभाग से आग्रह करेंगे। बिजली विभाग वहां तक संरचना तैयार करेगा आगे का कार्य सबंधित नगर निकाय उस सोसायटी के साथ मिलकर करेगी। प्रधान सचिव ने कहा कि शहरों में स्वच्छता जरीरी है। इसलिए जहां सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट नही लगे हैं वहां जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें, जहां प्लांट निर्माण का कार्य चल रहा है वहां निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर प्लांट को फंक्शनल बनाएं। प्रधान सचिव ने ये भी कहा कि पेयजल व स्वच्छता से जुड़ी योजना के लिए जहां-जहां जमीन स्थानांतरण, इन्वर्मेंटल क्लियरेंस इत्यादि में परेशानी हो रही है वहां सचिव स्तर से पत्र लिखा जाएगा और जरूरी हुआ तो मुख्य सचिव स्तर पर बैठक आयोजित कराने का प्रयास करेंगे। राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार नें कई नगर निकायों को निर्देश दिया कि वो सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का कार्य शीघ्र पूरा करें तथा जहां कार्य नहीं शुरू हुआ है, वहां जमीन का डिस्प्यूट क्लियर करें तथा इन्वर्मेंटल क्लियरेंस के लिए अप्लाई करें।



*सरकार सभी जरुरत की चीजों को लेकर बेहद संवेदनशील है*

# झारखंड विस चुनाव के लिए आयोग ने कसी कमर

**नवीन मेल संवाददाता**

▶ *जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की दो दिवसीय ट्रेनिंग शुरू*

**रांची।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर सिर्फ राजनीतिक पार्टियां ही नहीं चुनाव आयोग भी जुटा हुआ है। आज रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त भी पहुंचे से प्रशिक्षण शिविर में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशिक्षक (रिसोर्स पर्सन) के रूप में नामित पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब भी पहुंचे हुए थे। उन्होंने झारखंड के पदाधिकारियों को चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था को लेकर ध्यान में रखने वाली महत्वपूर्ण बातों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने निर्वाचन के दौरान बुनियादी चुनाव प्रबंधन प्रणाली के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी के। रवि कुमार ने कहा कि इस फेस टू फेस प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के चुनाव संबंधी ज्ञान के संवर्धन तथा उनकी विभिन्न शंकाओं के समाधान का प्रयास किया जायेगा।



रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,086.21 +33.02
डॉलर 83.826 -0.103
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 24 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 202, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 नीरज चोपड़ा फिर 90 से नीचे

## क्या पुरानी पेंशन बहाल करेंगे मोदी?

सरकारी संगठनों के साथ **पीएम** की होगी बातचीत

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक तरफ़ नौकरी नहीं मिल रही है , दूसरे तरफ़ जो नौकरी कर रहे हैं वे पुरानी पेंशन को लागू करने की मांग को लेकर सरकार नई पेंशन योजना के विरोध में रेल व चक्का जाम करने की बात कह रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले ही ये देश व्यापी हड़ताल करने वाले थे । लेकिन सरकारी के हुक्मरानों के आश्वासन तथा कुछ माह और की मोहलत माँगने पर पर भरोसा करके उस समय हड़ताल नहीं किये। लेकिन उसके बाद "भईल बियाह मोर करब का" के अंदाज में सरकार अपने काम में मशगूल हो गई, तो आने वाले चार राज्यों के विधान सभा चुनाव के पहले ही मौक़ा अच्छा जानकर सरकारी कर्मचारियों ने फिर से अपने मांग को लेकर और नई पेंशन स्कीम के विरोध में हड़ताल करने की धमकी दे दी। तब प्रधानमंत्री कार्यालय ने कर्मचारी यूनियन के नेताओं को पत्र भेजकर शनिवार 24 अगस्त को पीएम मोदी के साथ इस पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। बीते बजट सत्र में संसद में पेश बजट के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इसमें सुधार का आश्वासन दिया था। अब देखिए शनिवार को पीएम के साथ बैठक के बाद क्या होता है ? चर्चा है कि प्रधानमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में यदि पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू होना तय हो जाता है ,तब तो देश भर के सरकारी कर्मचारियों के लिए ख़ुशी का बड़ा तोहफा होगा।

## केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि उसे कथित शराब घोटाला मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। यह दलील विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दी गई, जिन्होंने मामले की सुनवाई 27 अगस्त को तय की। मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त को खत्म होने वाली है।



आमने सामने

सीएम आवास की ओर बढ़ रहे थे भाजपा कार्यकर्ता

# रणक्षेत्र में बदला मोरहाबादी मैदान, कई घायल

पुलिस ने की वाटर कैनन से पानी की बौछार, आंसू गैस के गोले दागे | **मोरहाबादी मैदान के चारों ओर की गई थी कंटीले तारों की घेराबंदी** | भाजपा के कई कार्यकर्ता हुए घायल छह से सात जवान भी हुए चोटिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रांची में भाजपा की युवा आक्रोश रैली के बाद सीएम आवास की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की और आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र में तबदील हो गया। बैरिकेडिंग पर चढ़कर उसे पार करने की कोशिश कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच संघर्ष हुआ, कार्यकर्ताओं ने आक्रमक कार्रवाई कर रहे जवानों पर जहां पत्थर फेंके वहीं जवानों ने एक के बाद एक कई आंसू गैस के गोले दागे और लाठी चार्ज किया। जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए जबकि छह से सात जवानों के घायल होने की भी सूचना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर रैली में आंसू गैस के गोले से हमला करने का आरोप लगाया। मालूम हो कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ने झारखंड में बेरोजगारी, सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में धांधली, रिजल्ट में देर, अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण जैसे सवालों को लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली आयोजित की थी, इसमें राज्य भर से भारी संख्या में युवा और भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। पहले तो उनके वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया गया और कई स्थानों पर बड़े वाहन रोक दिए गए। इससे कार्यकर्ताओं को रैली स्थल पर पहुंचने में काफी परेशानी हुई। वहीं मोरहाबादी मैदान में थ्री लेयर कंटीले तार से घेराबंदी कर दी गई थी। सारी बाधा पार कर कार्यकर्ता रैली में शामिल होने पहुंचे। प्रशासन ने मैदान को छोड़कर पांच सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा का एलान किया था।

**हेमंत के वादे झूठे, हिसाब मांगने आये युवा :** रैली को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं से जितने भी वादे किए थे। शेष पेज 9 पर

### 100 दिन से भी कम बची है हेमंत सोरेन सरकार की आयु

युवा आक्रोश रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज से हेमंत



सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सौ दिन से भी कम आयु इस सरकार की है। जो भी पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी सरकार के टूल्स की तरह काम कर रहे हैं उन्हें भी चिह्नित किया जाएगा। कार्यकर्ताओं पर जिस प्रकार का रवैया राज्य सरकार ने दिखाया वह कायरतापूर्ण है।

### सरकार ने जो भी वादा किया एक भी पूरा नहीं कर पाई

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य की दशा और दिशा से आप सब परिचित



हैं। सरकार ने जो भी वादा किया, एक भी वादा पूरा नहीं किया। चाहे युवा हो, किसान हो, महिला हो, दलित हो, आदिवासी हो, पिछड़ा हो, सामान्य हो, किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। ना युवाओं को नौकरी मिली, ना महिलाओं को सम्मान मिला। यह दुर्दशा इस सरकार गठन के प्रारंभ से ही देखा जा रहा है।

### कार्यकर्ताओं का बहा लहू सरकार को उखाड़ फेंकेगा

जिस तरह से निहत्थे कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई गई, आंसू गैस के



गोले फेंके गए, लहू बहाया गया, ध्यान रहे 'मुख्यमंत्री जी' यह लहू हिसाब लेगा और इस निकम्मी झामुमो-कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेंकेगा ! कभी किसी सभा में आंसू गैस से हमले होते आपने देखा है ? डरपोक हेमंत सोरेन सरकार ने आज यह भी कर दिखाया है।

### पत्थरबाजी करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसएसपी

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेट्स तोड़कर मुख्यमंत्री आवास जाने की कोशिश कर रहे थे और मंच से नेता उन्हें उकसा रहे थे। इस संबंध में जो आवेदन एसडीओ को दिया गया था, वह युवा सम्मेलन के लिए था। किसी आक्रोश रैली की चर्चा नहीं थी। मोरहाबादी मैदान में निषेधाज्ञा लागू है, ऐसे में बैरिकेट्स को तोड़ना और जवानों पर पत्थर चलना गैर कानूनी है। इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। आंसू गैस छोड़ने के सवाल पर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पत्थरबाजी में हमारे छह-सात जवान घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

### आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा के **कड़े इंतजाम**

मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को भाजपा की युवा आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए थे। वहां आईजी अखिलेश झा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। पुलिस ने रैली स्थल के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और सभी वाहनों की जांच की जा रही थी। पुलिस ने रैली स्थल पर कई नाकेबंदी कर रखी थी, सुरक्षा के लिए 15 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर और 2000 अतिरिक्त जवानों को तैनात किये गये थे।

## जिनके खिलाफ जनाक्रोश वही निकाल रहे रैली : हेमंत



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जिन लोगों के खिलाफ जनता में आक्रोश है, वही जनाक्रोश रैली निकाल रहे हैं। भाजपा अपनी कमियों को छुपाने के लिए दूसरों पर दोषारोपण कर रही है। जनता भाजपा की करतूतों को भली-भांति जान गयी है। सीएम पूर्व सांसद शहीद सुनील महतो और पूर्व सांसद सुमन महतो की पुत्री अंकिता महतो को श्रद्धांजलि देने जमशेदपुर पहुंचे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन भी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भाजपा के पैर के नीचे से जमीन खिसक रही है, इसलिए अस्तित्व बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है, ताकि गिरती साख को बचाया जा सके। जनता ने तय कर लिया है कि भाजपा को सत्ता पर किसी भी कीमत पर काबिज नहीं होने देंगे। आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हाशिये पर धकेल देगी।

## आज कल




## तीन सप्ताह में जलाशयों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर सख्त है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने शुक्रवार को धुर्वा डैम, गेतलसूत डैम, कांके डैम और हरमू नदी समेत अन्य जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। कोर्ट ने तीन सप्ताह में अतिक्रमण हटाने को लेकर वृहद अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को इस संबंध में एक्शन प्लान बनाने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि लगातार ग्राउंड वाटर के नीचे जाने की वजह से हम रिजर्व वाटर बॉडी पर आश्रित हो रहे हैं।

ऐसे में यदि यह भी अतिक्रमण का शिकार हो जाएंगे तो सप्लाई वॉटर का विकल्प भी समाप्त हो जाएगा और भविष्य में हमें एक गहरे जल संकट से जूझना होगा। इसलिए जरूरी है कि इनके अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो। रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जल स्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है।




### होम गार्ड के जवानों को **बढ़े वेतन** का दें लाभ

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में होम गार्ड के जवानों की अवमानना याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि 25 अगस्त, 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ दिया जाये। 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है लेकिन हाई कोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना होगा। अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के अंदर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। यह जानकारी कोर्ट में हो रही सुनवाई के दौरान उपस्थित झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

## सेबी ने अनिल अंबानी समेत 24 को कैपिटल मार्केट से पांच साल के लिए किया बैन

**एजेंसी**

**मुंबई।** बाजार नियामक सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की ओर से अनिल अंबानी समेत



अन्य 24 को पूंजीगत बाजार से पांच वर्ष के लिए बैन कर दिया है। इसके साथ ही किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी से उनके जुड़े रहने पर भी रोक लगा दी गई है। सेबी द्वारा कारोबारी के साथ अन्य 24 को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से फंड को डाइवर्ट करने के लिए बैन किया गया है। मार्केट से बैन करने के अलावा नियामक द्वारा अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस आदेश के बाद अनिल अंबानी अगले पांच वर्ष तक किसी भी लिस्टेड कंपनी में मैनेजमेंट के पद पर भी नहीं रह पाएंगे। सेबी की ओर से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) को भी बाजार से छह महीने के लिए बैन कर दिया गया है। साथ ही 6 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। सेबी द्वारा 222 पेज के आदेश में कहा गया कि अनिल अंबानी ने आरएचएफएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर गलत तरीके से लोन ऐसी कंपनियों को दिए जो उनसे जुड़ी थी।

शेष पेज 9 पर

## इंडिया सोशल मीडिया से फैलता राजनीति का बारूद



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति का एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है . आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता. किसी भी घटना को मोबाइल में क़ैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता .अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फ़साद हुए .हर हाथ में मोबाइल के इस नए युग में एक अनूठी बेलगाम गैर जिम्मेदार नए ढंग की पत्रकारिता में कोई संपादन नहीं होता और सबसे खतरनाक यह है कि इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे.




पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरों या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है .जाति,धर्म,राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेज़ी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है .इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो,वीडियो इंस्टा,फेसबुक,रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों,धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है. इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं. इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट. झारखंड जैसा साफ़ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है .गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं .झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े,धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं. सिंहभूम,पलामू,गुमला और माओवाद प्रभावित अनेक जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी गाड़ी सुरक्षा कारणों से भले ना घुस पाए पर समाज सेवा,चिकित्सा और जागरूकता के नाम पर विशिष्ट कोड अंकित वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से होता है.माओवादी, जातीय और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक गतिविधियों वाली कुछ गाड़ियां नियमित रूप से घूमती है ।कुछ संदिग्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में चर्चा है कि वे गांवों से प्राप्त आंकड़ों को विकास कार्यों के अलावा विदेशों तक पहुंचाती हैं जिनकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं । स्थिति इतनी भी नहीं बिगड़ी कि संभाली न जा सके ।आज की आवश्यकता है कि जिस प्रकार राज्यों में कार्यरत विशेष पुलिस फोर्स को मिलिट्री की ट्रेनिंग दी गई है उसी प्रकार राज्यों की साइबर सुरक्षा गतिविधियों को प्रशिक्षण और सुविधाएं देकर तेज किया जाए जो समाज में फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर नजर रख सके अन्यथा घृणा का यह खेल गोला बारूद से भी अधिक घातक सिद्ध होगा ।भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से फैक्ट फाइंडिंग वेबसाइट भी चलाई जा रही है जिसमें झूठी खबरों और चित्र या वीडियो की जानकारी तुरंत मिल जाती है .इसी प्रकार रिवर्स सर्च की सुविधा गूगल प्रदान करता है जिससे इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है। संदिग्ध लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करने और मैसेज फॉरवर्ड करने से भी बचना चाहिए।

## पीएम मोदी ने फिर हासिल की 70 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अगस्त 2024 के लिए जारी नवीनतम इप्सोस इंडियाबस पीएम अप्रूवल रेटिंग सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 प्रतिशत की प्रभावशाली अप्रूवल रेटिंग हासिल की है। जो उनके मई के सर्वेक्षण में प्राप्त रेटिंग से मेल खाती है। सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश लोग प्रधानमंत्री के रूप में उनके प्रदर्शन से खुश हैं और उनको बेहतर नंबर दे रहे हैं। एजेंसी के द्वारा सर्वेक्षण से इसको लेकर स्थिति साफ हो गई है कि मोदी 3.0 गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में पीएम मोदी की लोकप्रियता कम हुई है, ऐसा कुछ भी नहीं है। इससे यह भी पता चलता है कि उनकी लोकप्रियता कुछ क्षेत्रों, विशेषकर उत्तरी भारत के राज्यों और टियर 1 शहरों में अभी भी अधिक है। हालांकि अभी भी मोदी 3.0 सरकार के प्रदर्शन का पूरी तरह से मूल्यांकन करना



जल्दबाजी होगी, क्योंकि सरकार को सत्ता में आए केवल दो महीने हुए हैं। ऐसे में सर्वेक्षण इस बात पर प्रकाश डालता है कि इस सरकार को शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से उच्च रेटिंग प्राप्त हुई है। हालांकि, एजेंसी के मुताबिक, साउथ जोन एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां पीएम मोदी को कम रेटिंग मिली है। इस साल मई के महीने में एजेंसी ने अपने सर्वे में पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग 70 फीसदी पाई थी, तब ज्यादातर उत्तरदाताओं का मानना था कि वह प्रधानमंत्री के रूप में सराहनीय काम कर रहे हैं।

## झारखंड में पहली बार महिला पुलिस सम्मेलन का हुआ आगाज

# महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने का किया जा रहा प्रयास : एल खियांगते

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- दो दिवसीय सम्मेलन में महिला पुलिस की समस्याओं, सुरक्षा और सुविधा पर होगा विमर्श
- तकनीकी सत्र में अनुभव एवं चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी
- समापन समारोह में विधायक कल्पना सोरेन के साथ सीएम हेमंत सोरेन भी रहेंगे मौजूद



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर झारखंड में पहली बार महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को इस दो दिवसीय सम्मेलन का पहला दिन था। इसका आयोजन राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप वन स्थित शौर्य सभागार में किया गया था। पहले दिन के सत्र का उद्घाटन मुख्य सचिव एल खियांगते ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता और एडीजी सुमन गुप्ता सहित कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने फोटो गैलेरी का भी उद्घाटन किया। फोटो गैलरी में महिला पुलिस के विभिन्न खेल प्रतियोगिता, परेड, पुरस्कार से संबंधित वृहत फोटो संकलन को प्रदर्शित किया गया है। मुख्य सचिव खियांगते ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से ही इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इस सम्मेलन में महिला पुलिस कर्मियों के सेवा, सम्मान एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि जो भी निष्कर्ष इस सम्मेलन से निकल कर आएंगे, सरकार को उन सभी पहलुओं पर काम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के विरुद्ध बढ़ रहे अपराध से पूरा समाज चिंतित है। इस वातावरण में आप पुलिसकर्मियों, विशेषकर महिला पुलिसकर्मियों का दायित्व महत्वपूर्ण हो जाता है। महिलाओं के विरुद्ध अपराध पर रोकथाम के लिए महिला पुलिस की भूमिका पर विचार करने की जरूरत है। अपराध की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। महिला पुलिस पदाधिकारी व कर्मी अनुसंधान एवं साक्ष्य जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या अधिक से अधिक हो, इसे बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में पूरे पुलिस का पांच प्रतिशत ही महिला पुलिस बल है। बहाली के माध्यम से इसे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। गृह सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन से उनकी सेवा, सम्मान एवं भूमिका का मार्ग प्रशस्त होगा। इस सम्मेलन में आगे की रणनीति पर चिंतन-मनन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सल समस्या एक दो इलाकों को छोड़कर समाप्ति पर है। पुलिस इसके अलावा अन्य समस्याओं को भी देख रही है, जिसमें मादक पदार्थों के सेवन पर रोकथाम भी शामिल है। इसके लिये अभी हाल में ही राज्य सरकार की ओर से व्यापक अभियान चलाया गया था। इसके साथ ही झारखंड में वीमेन ट्रैफिकिंग भी एक मुद्दा है, जिस पर राज्य सरकार का फोकस है। महिला पुलिस के सहयोग से इस समस्या का निराकरण कर सकते हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि जल्द ही अब हर पुलिस थाने में एक महिला पुलिस अधिकारी होंगी। साथ ही, शहर के थानों में भी महिला थाना प्रभारी होंगी। इसे लेकर पुलिस विभाग तैयारी कर रहा है। जल्द ही सरकार के स्तर पर इसपर कोई निर्णय लिया जाएगा। एक मेमोरेंडम तैयार कर इस सम्मेलन की समाप्ति पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में महिला पुलिस अधिकारी के रहने से किसी भी महिला को अपनी समस्याएं बताने में झिझक नहीं होगी। वे खुल कर अपनी बात रख पाएंगी। इस कदम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। एडीजी सुमन गुप्ता ने कहा कि झारखंड में पहली बार महिला पुलिस सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में महिला पुलिस की समस्याओं पर, कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा पर, उनकी सुविधा पर विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अनुभव एवं चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। महिलाओं के खिलाफ अपराध की रोकथाम की प्रभावी रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के समापन के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगे। झालसा की सदस्य रंजना अस्थाना ने महिला पुलिस पदाधिकारियों की सुरक्षा एवं महिलाओं के खिलाफ अपराध विषय पर बोलते हुए कहा कि महिला पुलिस की भूमिका बहुत अहम है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कानून और नीतियां बनाई गई हैं, जैसे कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013। यह अधिनियम महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है और इसमें शिकायत दर्ज करने और निवारण की प्रक्रिया भी शामिल है। महिला या उनकी ओर से अधिकृत कोई भी व्यक्ति यौन उत्पीड़न की लिखित शिकायत दर्ज करा सकता है। यदि संगठन में दस से अधिक कर्मचारी हैं, तो शिकायत आंतरिक समिति (आईसी) के समक्ष दर्ज की जानी चाहिए। यदि संगठन में दस से कम कर्मचारी हैं, शिकायत जिला अधिकारी द्वारा गठित स्थानीय समिति (एलसी) के समक्ष दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि यौन उत्पीड़न की घटना की तारीख से तीन महीने के भीतर या अंतिम घटना के तीन महीने के भीतर शिकायत दर्ज की जानी चाहिए। इसी प्रकार, समिति को शिकायत प्राप्त होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर जांच पूरी करनी होती है।

> राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन से उनकी सेवा, सम्मान एवं भूमिका का मार्ग प्रशस्त होगा।
> **-वंदना डाडेल** ( गृह सचिव, झारखंड)

> जल्द ही अब हर पुलिस थाने में एक महिला पुलिस अधिकारी होंगी।
> **- अनुराग गुप्ता** (डीजीपी, झारखंड)

> सम्मेलन में महिलाओं के खिलाफ अपराध की रोकथाम की प्रभावी रणनीतियों पर भी चर्चा होगी।
> **-सुमन गुप्ता** ( एडीजी, झारखंड पुलिस)

> महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने में महिला पुलिस की भूमिका बहुत अहम है।
> **- रंजना अस्थाना** (सदस्य, झालसा)

> पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने हर कठिनाइयों से लड़कर अपनी जगह बनाई थीं।
> **- डॉ अनुराधा वत्स** (दीपशिखा, एनजीओ)

सम्मेलन में विधायक कल्पना मूर्मू सोरेन ने वीडियो मैसेज के जरिये महिला पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने झारखंड महिला पुलिस के कार्यों की सराहना की। साथ ही, कहा कि एक महिला होने के नाते वे समझ सकती हैं कि महिला पुलिस के लिए कार्यस्थल पर काम करना एक चैलेंज रहता है। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए भी आप बखूबी अपना काम करती आ रही हैं। उन्होंने इस दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन की सराहना की।

**- कल्पना मूर्मू सोरेन,** (विधायक, झारखंड)

## न्यूज बॉक्स

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में 27 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का होगा आयोजन



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में 27 अगस्त मंगलवार को सौर सिद्धान्त गणनानुसार औदायिकी रोहिण्याम मतानुसार जन्माष्टमी का व्रत मनाया जायेगा। ऐसे सम्पूर्ण भारत में 27 अगस्त को हि उदयकाल रोहिणी नक्षत्र मत के वैष्णवजनों की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत मनायी जायेगी। श्रीवैष्णवों के सम्प्रदाय में श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय, श्रीमाध्वगौड़ेश्वर सम्प्रदाय और श्रीरामानुज सम्प्रदाय के अन्तर्गत राधा रमन मन्दिर वृंदावन श्रीरंगजी मंदिर, नंदगाव मंदिर आदि में 27 अगस्त को ही कृष्णजन्माष्टमी व्रत मनायेंगे।

### सेल ने फ्लेक्सी टाइम पॉलिसी लागू करने का लिया निर्णय

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया सेल ने अपने कर्मचारियों के लिए फ्लेक्सी टाइम पॉलिसी लागू करने का निर्णय लिया है। 1 सितंबर से सेल के सभी प्लांट में यह पॉलिसी लागू हो जाएगी। ड्यूटी के लिए निर्धारित समय पर न पहुंचने वाले कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था की गई है। सेल के कॉरपोरेट ऑफिस ने इस नियम को लागू करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। बायोमेट्रिक प्रणाली लागू होने के बाद कर्मचारियों के आने और जाने का समय निर्धारित कर दिया गया है। फ्लेक्सी-टाइमिंग इस तरह से लागू होगा कि गैर-कोर ड्यूटी घंटों के दौरान किसी कर्मचारी की अनुपलब्धता के कारण संबंधित विभाग-इकाई का सामान्य कामकाज प्रभावित नहीं होगा।

### चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर राष्ट्रीय अंगदान पखवाड़ा के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आरबी स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल रातु में कराया गया। प्रतियोगिता में 10वीं कक्षा के 10 सलेक्टिव बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। शाखा द्वारा पार्टिसिपेशन प्राइज सभी बच्चों को दिया गया। बच्चों के बीच जूस का वितरण किया गया। सभी बच्चों ने अंगदान महादान को अपने हाथों की कला से अंकित किया। बच्चे उपहार पाकर काफी खुश हुए। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, ममता टीबड़ेबाल उपस्थिति रही।

### विशेष अभियान में 167 दिव्यांग बच्चों का हुआ निबंधन व बना यूडीआईडी सर्टिफिकेट



**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के लिए रांची सदर अस्पताल में विशेष कैंप लगाया गया। विशेष कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य चिन्हित दिव्यांग बच्चों का निबंधन कराकर यूडीआईडी सर्टिफिकेट (दिव्यांग सर्टिफिकेट) बनाना तथा उनका चिकित्सीय जांच कराना था। इस अवसर पर रांची जिले के करीब 84 दिव्यांग बच्चों का निबंधन एवं चिकित्सीय जांच सिविल सर्जन, के उपस्थिति में सदर अस्पताल, रांची में कराया गया। कार्यक्रम में आज सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, चिकित्सक डॉ. बाखला, स्नेहलता दुबे, सम्पा दास, प्रीति पाल, संगीता सिंह, लता कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई सीएमडी ने खाद्य वितरण वाहनों को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने स्कूली बच्चों के पौष्टिक स्तर में बेहतरी लाने के लिए छह खाद्य वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/ आरडीएंडटी) अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक / विभागाध्यक्षगण, मुख्यालय-रांची की सीएसआर टीम और अक्षय पात्र फाउंडेशन-रांची के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसका प्रमुख उद्देश्य झारखंड के हजारीबाग जिले के सरकार स्कूलों में मध्याह्न भोजन के वितरण हेतु बेहतर परिवहन सुनिश्चित करना है। इस परियोजना से हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों के लगभग एक लाख स्कूल जाने वाले बच्चे लाभान्वित होंगे।

### झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का हड़ताल समाप्त

**रांची।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने 31 दिन के बाद हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की है। हड़ताल में रांची समाहरणालय संवर्ग के अनुसचिवीय कर्मचारी भी शामिल थे। इसमें लिपिक, लेखा लिपिक, राजभाषा कर्मी, चतुर्थवर्गीय कर्मी, संविदा तथा आउटसोर्स कर्मियों तथा अन्य कर्मी भी थे। हड़ताल के कारण जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड समेत सैकड़ों कार्य प्रभावित हुए। इस हड़ताल का असर ब्लॉक स्तर तक पड़ा।

# अंतरिक्ष शोध यात्रा को आगे ले जाने की दिशा में प्रयासरत रहें: गोपाल पाठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




- प्रदर्शनी देखने के लिए लोगों को प्रेरित करें: अखिल मिश्रा
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण, अतिथियों को भी दिए गए पौधे
- सरला बिरला विश्वविद्यालय में चित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस-2024 के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सह फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरूआत की गई। इसके उपरांत सभी अतिथियों का शॉल, मोमेंटो एवं पौधा देकर स्वागत किया गया।

समरोह के मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने कहा कि 1960 में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के जनक डॉ. विक्रम साराभाई सोच रहे थे कि कैसे भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। 1962 में एक कमेटी का निर्माण किया गया, जिसने भारतीय अंतरिक्ष शोध के कार्य की रूपरेखा तैयार की। आगे जाकर इन्हीं विचारों से फलीभूत होकर ' इसरो का निर्माण 1969 में हुआ। उसके बाद से भारत की स्वर्णिम अंतरिक्ष यात्रा के बारे में हम सभी जान और देख रहे हैं।

रांची पत्र सूचना कार्यालय तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने अपने विषय प्रवेश संबोधन में सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति तथा सभी प्रोफेसर गणों का सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एक ऐसी जगह जहां जाते तो बहुत कम लोग हैं लेकिन यह हम सभी के दिमाग में बना रहता है। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति एसबी डांडिन ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रदर्शनी के आयोजकों को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को रांची में मनाने के लिए हमारे विश्वविद्यालय परिसर को चुनने के लिए धन्यवाद देता हूं। भारतीय प्राकृतिक रॉल एवं गोंद संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ अभिजीत कार ने कहा कि कृषि विकास एवं संवर्धन के क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान से बहुत ही लाभ पहुंचा है। इतिहास देखें तो पाएंगे कि भारत पहले सभ्यता थी जिसके पास अंतरिक्ष से संबंधित सटीक जानकारी उपलब्ध थी जैसे ग्रहों की चाल और उनके बीच की दूरियां आगे मुझे बहुत हर्ष है कि एक बार पुनः हम आजादी के 75 वर्षों के बाद अंतरिक्ष तकनीक में एक अग्रणी भूमिका में आए हैं। सरला बिरला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा कि पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारत सरकार के विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा हमारे विश्वविद्यालय में यह चित्र प्रदर्शनी लगाना गर्व की बात है, इसके लिए हम विभाग को धन्यवाद देते हैं। बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर डॉ. प्रियंक कुमार ने अपने सूचनापरक एवं रोचक संबोधन में अंतरिक्ष प्रक्षेपण की यात्रा का वर्णन किया और बताया कि कैसे 12वीं सदी में लोगों/ सैनिकों द्वारा अंतरिक्ष में रॉकेट छोड़ने का चलन शुरू हुआ। आचार्य कुलम विद्यालय, रांची की प्रोफेसर सुजाता कौरा ने कहा कि इस प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। अंतरिक्ष हमेशा से मानवता के लिए रहस्य और प्रेरणा का स्रोत रहा है। राजमहल कॉलेज, साहिबगंज के प्रिंसिपल डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारी सफलता यह दशार्ता है कि भारत जब कुछ ठान लेता है तो उसे करके दिखाता है। आज से ठीक एक वर्ष पूर्व चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की सॉफ्ट लैंडिंग एक ऐतिहासिक पल था। चंद्रमा की सतह पर मैग्मा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, अंतरिक्ष अनुसंधान से भविष्य में मानव कल्याण का नया रास्ता खुलेगा, मुझे इसकी पूरी उम्मीद है।

सरला बिरला यूनिवर्सिटी के डीन पंकज गोस्वामी ने कहा कि अंतरिक्ष ने मानवता को हमेशा से ही आश्चर्य में बांधा है।



## एक नजर

### वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के कचनपुर गांव में खेत में काम कर रहे 35 वर्षीय युवा किसान शंकर साहू की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। शंकर साहू के साथ खेत में पत्नी निशा देवी एवं कुछ मजदूर भी काम कर रहे थे। लेकिन वज्रपात की चपेट में सिर्फ शंकर ही आया। पत्नी निशा का रो-रोकर हाल बेहाल है। उल्लेखनीय है कि शंकर साहु लापुंग प्रखंड के कंचनपुर निवासी और भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू का सबसे छोटा भाई था। जिस समय यह घटना घटी उस समय हरिमोहन साहु गांव के दूसरी ओर खेत में ही थे और अपने गायों को अपने घर वापस ला रहे थे।

### पंचपरगना सुंड़ी समाज ने की समीक्षा बैठक

**अड़की।** पंच परगना सुंड़ी संघ द्वारा रविवार को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गयी। रविवार सिंदरी के होटल आर्यवन में पंच परगना सुंडी संघ का प्रथम कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी समाज के सिद्धार्थ साहू ने दी। कार्यक्रम में पंच परगना क्षेत्र में रहने वाले गांवों में सुढ़ी जाति के महिला एवं पुरुष प्रतिनिधि के अलावा समाज के अनेक गण मान्य लोगों का जुटान होने होना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचपरगना सुढ़ी संघ के कार्यकारणी सदस्यों द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर लोगो कार्यक्रम में आने की अपील कर रहे है कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमुद प्रसाद साहू, सनत मंडल, रविन्द्र मंडल, मुकेश साहू उपस्थित रहे।

### सिल्ली थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**सिल्ली।** सिल्ली थाना के नए थाना प्रभारी दिनेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को शांति समिति के सदस्यों के साथ औपचारिक बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने शांति समिति के सभी सदस्यों से बेहतर और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने में पुलिस को सहयोग करने की अपील की।थाना प्रभारी ने आम जनता से भी पुलिस को सहयोग करने का आग्रह किया है। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीना चौधरी, जिला परिषद सदस्य पूर्वी प्रतिनिधि अखिल महतो,प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक समेत काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### लापुंग में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला के दौरान 159 मरीजों की जांच की गई। इस मौके बीपी शुगर सहित विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 65 मरीजों की पहचान की गई। मरीज का निःशुल्क इलाज किया गया और उन्हें दवाइयां दी गई। मरीज का जांच और इलाज डॉ प्रियंका कुमारी एवं डॉ सविता कुमारी ने किया। इस मौके पर डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ शहरों ही नहीं बल्कि दूर दराज के गांव में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 से 27 अगस्त तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए भी अलर्ट रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य शिविर के बीपीएम दीपक कुमार, दौरान फार्मासिस्ट लाल प्रवीण कुमार सिंह, प्रद्युम्न सिंह, लैब टेक्नीशियन जगन्नाथ बडाईक, एएनएम नीलम आईंद, फूलमणी सांगा,सीएचओ सोनी मेरी एक्का, पुष्पा एक्का, ब्लॉक डाटा मैनेजर कविता कुमारी, श्रवण कुमार सिंह सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जेईपीसी में जबरन तालाबंदी मामला, बोले परियोजना निदेशक

# वेतनवृद्धि की अनुशंसा और एफआइआर भी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के धुर्वा कार्यालय के मुख्य दरवाजे में अचानक तालाबंदी कर देर शाम तक व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े अनुबंधकर्मियों ने घेराव किया था जिससे पिछले कई बार की तरह सारा कामकाज ठप्प पड़ गया और कुछ महिला कर्मचारियों ने राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन को मैसेज भेजकर से गुहार लगाई कि उन्हें घंटों से बंद रखा गया है और शौचालय तक नहीं जा पा रहीं हैं । परियोजना निदेशक ने बताया कि आइसीटी शिक्षक और प्रशिक्षकों की नियुक्ति बाह्य एजेंसियों के माध्यम से हुई है और समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत जब तक आवश्यकता रहेगी तभी तक उनकी अनुबंध आधारित नौकरी रहेगी जिसे केंद्र और राज्य सरकार के प्रावधानों के अनुसार किसी भी स्थिति नियमित नहीं किया जा सकता । वैसे उनके वेतन वृद्धि संबंधी फाइल अनुशंसा के साथ सरकार के पास भेजी जाएगी । अभी उन्हें दस हजार रुपए मासिक दिए जाते हैं और उसमें से दो हजार भविष्य निधि में जमा कराए जाते हैं ।जबरन कार्यालय बंद करने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गुरुवार को वे अवकाश में थे और बिना सूचना के जबरन सरकारी कार्यालय बंद कराना अनुचित है जिस पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी ।कुछ परियोजना सूत्रों ने बताया कि लगभग हजार व्यावसायिक शिक्षा अनुबंध शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रतिदिन दो क्लास लेने और उसका कार्यस्थल से जियो टैग फोटो आंगनवाड़ी कार्यकताओं की तरह पोर्टल में अपलोड करना अनिवार्य किया गया जिसे वे नहीं करना चाहते और विभाग बिना सत्यापन के भुगतान नहीं करना चाहता क्योंकि इसमें अधिकारियों के फंसने का डर है जबकि आसन्न चुनाव के कारण अनुबंधकर्मी दबाव बनाकर स्थायी नौकरी मांग रहे हैं।

### सहकारिता महासम्मेलन में मंत्री दीपिका पांडेय ने बांटी परिसंपत्तियां, कहा

# योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक ना पहुंचे तबतक कार्य अधूरा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोल्हान प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का आयोजन जमशेदपुर के साकची स्थित रविंद्र भवन में शुक्रवार को किया गया। सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि कृषि और पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पोटका विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई से विधायक मंगल कालिंदी तथा बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री और विधायकों ने मिलकर परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में निदेशक सहयोग समितियां सूरज कुमार ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने का हर संभव प्रयास कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग कर रहा है। इसी दिशा में कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न लैम्प्स-पैक्स, व्यापार मण्डल और अन्य सहकारी समितियां को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके इस के लिए सहकारीता महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सहकारिता प्रभाग से सम्बंधित योजनों को लेकर परिसम्पत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। इसमें झाम्फकोफेड की ओर से 5,99,700 की लघुवनोपज के का वितरण 20 लाभुकों के बीच किया गया। किट को झास्कोलैम्पफ के द्वारा लाह खेती योजना अंतर्गत होनेवाले टूल 90% अनुदान पर 21 लाभुकों के बीच वितरित किया गया। इस वितरण पर राज्य सरकार का कुल व्यय रु 85,050 है जबकि लाभुकों का कुल व्यय रु 9.450 मात्र है। इसके अलावा भी अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लैम्प्स / पैक्स के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा की वर्तमान में सहकारिता की भूमिका अहम है। मुख्यमंत्री ने सर्वथा अपने भाषणों में कृषि एवं महिलाओं की अहमियता को उजागर किया है तथा उनके उत्थान के लिए सदैव तत्परता दर्शाया है। मंत्री ने कहा की जबतक सरकारी योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक ना पहुंच जाए तबतक सरकार अपने कार्य को अधूरा मानेगी। मंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा की पिछले कुछ वर्षो में लैम्प्स / पैक्स के विवादों को खत्म किया गया। चुनाव करवाया गया एवं उन्हें सक्रिय किया गया। सरकार उनके माध्यम से किसानों को जोड़ने का महत्त्वपूर्ण कार्य कर रही है। ऐसा कार्य पिछले कई वर्षों में नहीं किया गया।

### कोल इंडिया के नए तकनीकी निदेशक अच्युत घटक होंगे

**रांची।** सीएमपीडीआई के निदेशक अच्युत घटक अब कोल इंडिया के नए तकनीकी निदेशक होंगे। वर्तमान में वह सीएमपीडीआई में तकनीकी निदेशक के तौर पर कार्यरत हैं। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने शुक्रवार को दिल्ली में हुए साक्षात्कार के बाद उनके नाम पर मोहर लगा दी है। वर्तमान में कोल इंडिया के निदेशक तकनीकी डॉ बी वीरा रेड्डी रिटायर होने वाले हैं। उनके रिक्त होने वाले पद के मद्देनजर लोक उद्यम चयन बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और इसमें 11 अधिकारी शामिल हुए इनमें सीएमपीडीआई के निदेशक अच्युत घटक, एनसीएल के महाप्रबंधक राजीव सिंह, एमसीएल के महाप्रबंधक कृपा शंकर सिंह, ईसीएल के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद, डब्ल्यूसीएल के महाप्रबंधक हर्षद दतार, कोल इंडिया के महाप्रबंधक श्रीकांत एसएच रॉय और डॉ पियूष कुमार, एनएलसी के निदेशक सुरेश चंद्र सुमन, एनएलसी के मुख्य महाप्रबंधक एस राजमोहन, नीरज कुमार और विजय कुमार एस शामिल थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के पास चुनौती भी हैं : होरो




**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के अल्पसंख्यक विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के ऊपर अब जिम्मेवारी ही नहीं चुनौती भी है। उक्त बातें ककरिया संकुल अंतर्गत आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरूप में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल होरो ने विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के दौरान कहीं। गांव की पंचायत प्रतिनिधि संगीता बरला ने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यालय में आधारभूत संरचना के लिए सरकार को कदम उठाने की जरूरत है । शुक्रवार को ककरिया संकुल अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह एवं आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरूप में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरूप की नवनिर्वाचित सदस्य सुलेखा कुमारी ने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यालय के रूप में हमारे इस विद्यालय को सरकार की ओर से भवन निर्माण की कोई सुविधा नहीं मिलती। यह विद्यालय भवन जर्जर हो गया गया है। अब विद्यालय प्रबंधन समिति की जिम्मेवारी और चुनौती है कि कैसे विद्यालय में आधारभूत संरचना के लिए सरकार के समक्ष अपनी बातों को रखें। वहीं दूसरी ओर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह में रामशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता के पर्यवेक्षण में सोमरा पाहन को एक बार फिर अभिभावकों ने अध्यक्ष चुन लिया। वहीं उपाध्यक्ष के रुप में धनेश्वरी देवी, सदस्य के रूप में संगीता उराईन रेवोती देवी, आशा उरांव, सान्दु मुंडा, धरमा कच्छप, दीपक महतो, अनिता देवी, पंचम उरांव को सदस्य चुन लिया गया। पंचायत प्रतिनिधि के रूप में वार्ड सदस्य मुनिता मुंडा, बाल संसद के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री लक्ष्मी कुमारी तथा शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में अगुस्टीन लकड़ा एवं पदेन संयोजक प्रधानाध्यापिका सागेन होरो चुन ली गई।

## शिलान्यास के आठ महीने बाद भी शुरू नहीं हुआ सड़क निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड के बुकबुका पंचायत अंतर्गत खलारी शहीद चौक मुख्य पथ से बुकबुका पंचायत भवन होते हुए डीएसपी आवास तक पीसीसी पथ निर्माण शिलान्यास के आठ महीने बाद भी शुरू नहीं हो सका है। लोकसभा चुनाव के अधिसूचना जारी होने से पूर्व 10 दिसंबर 2023 को स्थानीय सांसद, विधायक ने इस सड़क का शिलान्यास किया था। शिलापट्ट पर जिप सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य का नाम भी अंकित है। डीएसपी आवास से पहले गुलजारबाग मैदान के निकट इस सड़क का हाल काफी जर्जर है। उसी जगह झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय भी है। एक तो सड़क जर्जर है वहीं बारिश का पानी पुरानी सड़क के गड्ढों में भर जा रहा है। वहां से गुजरने वाले लोग पानी के बीच सड़क ढूंढते रहते हैं। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा उक्त कार्य का टेंडर निकाला गया था। एक वर्ष पूर्व



20 जुलाई 2023 को इस कार्य का टेंडर हुआ था। 35 लाख 74 हजार प्राक्कलन राशि वाले इस कार्य को पांच महीने में पूरा करना था। टेंडर प्रक्रिया पूरा हुए एक साल से अधिक हो चुका है परंतु अभी तक इस सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया जा सका है। संबंधित विभाग को इसे संज्ञान में लेकर जल्द कार्य पूरा कराना चाहिए ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।

## बाघवार एकेडमी में स्टूडेंट काउंसिल का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** शुक्रवार को बाघवार एकेडमी के प्रांगण में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। इस काउंसिल का गठन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार के निर्देशन तथा प्रधानाचार्य अरुण बाघवार की अध्यक्षता में किया गया। इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को नई जिम्मेवारियों से नवाजा गया। जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल, कल्चरल हेड बॉय, तथा हेड गर्ल, डिसिप्लिन हेड बॉय तथा हेड गर्ल आदि प्रमुख है। इसके अलावा सभी कक्षाओं में क्लास रिप्रेजेंटेटिव के साथ-साथ साथ मॉर्निंग असेंबली इंचार्ज का चुनाव किया गया। सभी चयनित छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने बैज एवं रिबन पहनाकर सम्मानित किया। सभी बच्चों को विद्यालय के इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने सभी चुने हुए लीडर्स को सबको साथ लेकर चलते हुए अपने शिक्षकों की सहायता करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि इस स्टूडेंट काउंसिल से विद्यालय में बच्चों के बीच अनुशासन और ज्यादा सुदृढ़ होगा। मंच संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव ने किया।

### डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना

## विज्ञान पर आधारित क्विज ज्ञान को बढ़ावा देता है : कैलाश कुमार




**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा चंद्रयान -3 का मॉडल बनाया। उसके विषय में परिचर्चा की गई और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिचर्चा में चन्द्रमा पर किए गए सारे महत्वपूर्ण अभियानों की चर्चा की गई। चंद्रयान -3 की कार्यप्रणाली और तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा और ज्ञान को बढ़ावा देती है । बच्चों को भी नासा और इसरो में काम करने के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। आज के बच्चे ही कल के वैज्ञानिक होंगे और अपने देश का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को पहचानने का एक अवसर है। इस आयोजन को मनाने के पीछे का उद्देश्य छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करना और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना है। सरकार ने पिछले साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था। ऐसा हमारे देश के अंतरिक्ष मिशनों की शानदार उपलब्धियों को उजागर करने के लिए किया गया था। इसकी घोषणा चंद्रयान-3 मिशन की उल्लेखनीय सफलता का सम्मान करने के उद्देश्य से भी की गई थी, जिसने 'शिव शक्ति' बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग की और 23 अगस्त, 2023 को चंद्र सतह पर प्रज्ञान रोवर को तैनात किया। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्यारहवीं के छात्रा रिया, साक्षी, जूनी, जारा, अंजनी, रेयान, सुगंधा, छात्र प्रियांशु, मोहित, दुर्गेश, रफत और कक्षा बारहवीं के शिया केशरी और नमन भगत और शिक्षक रियांशु पांडे और रंजन चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## युवा आक्रोश रैली में शामिल हुए खलारी के भाजपा कार्यकर्ता




**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में खलारी से भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू के नेतृत्व में वाहनों में सवार होकर काफी संख्या में कार्यकर्ता रांची मोरहाबादी गए। जाने से पूर्व भाजपा कार्यकर्ता खलारी झील होटल के पास एकत्र हुए। वहां से एक साथ नारेबाजी करते हुए मोरहाबादी के लिए रवाना हुए। रैली में अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, शशिप्रसाद साहू, भरत रजक, श्यामसुंदर सिंह, रामसूरत यादव, जीतेन्द्रनाथ पांडेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशु सिंह, शत्रुंजय सिंह, चतुर्गुण भुइयां, कुलदीप लोहरा, कुलदीपप्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, रवीन्द्र मुंडा, सुनील गिरि, अभिषेक चौहान, रतनलाल, भरत महतो, मनोज सिंह, दिलीप गंझू, दिलीप पासवान, प्रताप यादव, कुलदीप लोहार, सोनू तुरी, मुकेश यादव, कमलेश महतो, भरत प्रजापति, प्रदीप ठाकुर, सरोजनी देवी, शिव चौधरी, विष्णु मुंडा आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले रास के उप सभापति



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### 24 वर्षों में झारखंड की तस्वीर नहीं बदली : सूर्य सिंह बेसरा



**रांची।** 24 वर्षों के कालखंड में झारखंड की तस्वीर नहीं बदली और ना ही झारखंडियों की तकदीर बदली है। इसे विडम्बना कहा जाय या दुख। दो दशक से ज्यादा अंतराल में परिवर्तन के नाम पर केवल सत्ता की परिवर्तन हुई, व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन नहीं। उक्त बातें झारखंड नव निर्माण महासभा के कार्यक्रम के दौरान सूर्य सिंह बेसरा ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की युवा अवस्था में स्थापना काल से आज तक पांचवी वार विधानसमा की चुनाव सम्पन्न हुई, और तो और तीन बार राज्य में राष्ट्रपति शासन भी लगी। इस बीच 13 मुख्यमंत्री भी बने। अब छठवीं विधानसभा की चुनाव भी दस्तक दे चुकी है। भ्रष्टाचार में झारखंड अकंठ में डूबा है।

### हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ युवाओं में है आक्रोश : धीरज महतो




**सिल्ली।** भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में ग्रामीण जिले से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशासन राज्य सरकार के इशारे पर झामुमो कांग्रेस के कार्यकर्ता की तरह कार्य कर रही है उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कही है। श्री महतो ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं का आक्रोश बताता है कि हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से युवाओं को जगह-जगह रोका गया है इसके बावजूद इतनी संख्या में युवा पहुंचे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि इस सरकार के खिलाफ किस कदर नाराजगी है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी विनोद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत,पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह, अनिल टाईगर, प्रीतम साहू, मनोज चौधरी, सुधाकर चौबे, प्रभुदयाल बड़ाईक, मुन्नी मुंडा,अमरनाथ चौधरी,मानकी राजेन्द्र शाही,संजीत सिंह,शशि मेहता समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एटीएस और दिल्ली पुलिस की छापेमारी में एक्यूआईएस के पांच गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त रुप से रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में 16 स्थानों पर की गयी छापेमारी में पांच संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। इनमें रांची के बारियातू से डॉ. इश्तियाक अहमद, रांची के चान्हो से मोतिउर रहमान, रिजवान बाबर, मुफ्ती रहमतुल्लाह और हजारीबाग से फैजान अहमद शामिल है। इन पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पांचों को न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस पांचों को अपने साथ ले गयी। सूत्रों ने बताया कि अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के खिलाफ गुरुवार को राज्य के तीन जिलों रांची , हजारीबाग और लोहरदगा में एक साथ कुल 16 स्थानों पर छापेमारी थी। छापेमारी में एसटीएसफ, रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम शामिल थीं। इस अभियान में आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी। इसमें से पांच को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान अवैध आग्नेयास्त्र, लैपटॉप, कई मोबाईल फोन, कुछ संदिग्ध दस्तावेज सहित अन्य सामान बरामद किये गये थे। वहीं जांच में पता चला है कि डॉ. इश्तियाक झारखंड में अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) का प्रमुख ऑपरेटिव था। वह मेडिका अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट था। एटीएस सूत्रों ने बताया कि मामला दिल्ली पुलिस का था, इसलिए वह पांच गिरफ्तार संदिग्धों को शुक्रवार को अपने साथ ले गयी।

### डायनेमिक एसीपी नियमावली बिहार के तर्ज पर हुआ लागू



**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के साथ झासा की बैठक हुई। मीटिंग सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ और सभी बातों पर सहमति बनी। मीटिंग में डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, डॉ विमलेश बॉस, डॉ शमीम, डॉ स्टीफेन,डॉ अखिलेश झा, डॉ प्रीतीश प्रणय, डॉ रवि शामिल थे। विभाग की तरफ से प्रधान सचिव एवं संयुक्त सचिव ललित शुक्ला मौजूद थे। डीएसीपी केंद्र एवं बिहार के तर्ज पर मान लिया गया। एमबीबीएस स्पेशलिस्ट एवं डेंटल संवर्ग के लिए। अभी तक स्पेशलिस्ट डॉक्टर के लिए डायनेमिक एसीपी से संबंधित कोई नियमावली था ही नहीं। जिसे केंद्र एवं बिहार की तर्ज पर लागू कर दिया गया है और इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं। सामान्य एमबीबीएस चिकित्सकों को चार डायनेमिक एसीपी वर्तमान में 6+6+6+7 का प्रावधान है, जिसे अब केंद्र एवं बिहार की तर्ज पर4+5+4+7 पर कर दिया गया। दांत संवर्ग के लिए वर्तमान में केवल तीन डायनेमिक एसीपी का प्रावधान है। अब उन्हें चार डायनेमिक एसीपी मिलेंगे और वह भी केंद्र एवं बिहार के तर्ज पर। गैर शैक्षणिक संवर्ग के चिकित्सक जो विशेषज्ञ हैं, उनके समायोजन किया जा रहा है। संगठन के सचिव होने के नाते मैं लगातार विभाग के प्रधान सचिव से व्हाट्सएप मैसेज के जरिए समायोजन जैसे गंभीर मुद्दों पर बात करते रहा। परिणाम स्वरुप 125 लोगों की सूची बनाकर तैयार है । करीब 15 -30दिनों में इन्हें समायोजित कर लिया जाएगा। झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 3370 पदों के विरुद्ध केवल 172 प्रमोशन पद है, जबकि जेपीएससी के 1250 के विरुद्ध 800 प्रमोशन पद है। इसलिए नए प्रमोशन पद सृजित करने का आदेश जारी किया जा चुका है। इसके लिए कमेटी भी बनाई गई है। क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन से संबंधित कार्यों पर बनी सहमति।

युवा आक्रोश रैली एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

# जेएमएम की ठगबंधन सरकार युवा विरोधी युवाओं को सिर्फ ठगा गया है : शेफाली गुप्ता




> भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार का जोरदार विरोध प्रदर्शन कर युवाओं के हित में की आवाज बुलंद

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, प्रदेश कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में दिन शुक्रवार को रांची स्थित मोराबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई तथा जेएमएम कांग्रेस ठगबंधन युवा विरोधी हेमंत सरकार का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं की है ललकार, हटाएंगे हेमंत सोरेन सरकार एवं युवा विरोधी हेमंत सरकार का नारा लगाकर युवाओं के हित में आवाज बुलंद किया। युवा आक्रोश रैली एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब सडको पर दिखा। विशाल युवा आक्रोश रैली का रूप देकर युवा विरोधी हेमंत सरकार का जोरदार एवं जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पत्रकार बंधुओं को संबोधित कर कहा कि जेएमएम कांग्रेस की ठगबंधन युवा विरोधी हेमंत सरकार में सिर्फ युवाओं को ठगा गया है। चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने पाँच लाख नौकरी, बेरोज़गारी भत्ता एवं अनुबंधकर्मी को स्थायीकरण का वादा यह सब कहाँ गया। यह लुट एवं झूठ की सरकार है। इस सरकार में सिर्फ अपराध, परिवारवाद एवं अवैध करोबार को सिर्फ बढावा दिया जा रहा है। झारखंड की जनता को सिर्फ इस सरकार ने सिर्फ ठगने का कार्य किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता जेएमएम कांग्रेस ठगबंधन युवा विरोधी हेमंत सरकार को अवश्य जवाब देगी और झारखंड में एनडीए भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न मार्गो में कई बसो को हेमंत सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने जबरन रोका और मोराबादी मैदान कार्यक्रम स्थान पर जाने से माना किया है। यह हरकत हेमंत सरकार की कुंठित मानसिकता एवं गुंडागर्दी को निरूपित करता है। झारखंड की जनता इसका भरपूर जवाब देगी और सत्तालोभी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेगी। मौके पर रानी शुक्ला, भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मिकी, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, रवि कुमार, शंभू प्रसाद मेहता, ऋषभ ज्योति, विकाश कुमार हरि, नवीन कुमार पांडे, रोहित पांडे, मनीष कुमार, आशीष कुमार सिंह, मुकेश गुप्ता, दिनेश कुमार पासवान, मोनू कुमार गुप्ता, अजीत गुप्ता ,रंजीत राम, रोहित राम, मनीष कुमार राम, मनोज कुमार, मनोज राम,राहुल पांडे एवं मनोज पांडे सहित कई लोग शामिल रहे।

## युवा आक्रोश रैली हेमंत सरकार के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम करेगी : प्रवीण मेहता

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में युवा मोर्चा सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली बसों और निजी वाहनों से युवा आक्रोश रैली में शामिल होने मोरहाबादी मैदान पहुंची । मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार युवाओं से बेहतर नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने सहित कई बड़े बड़े वादा करके सत्ता हासिल की थी । आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले हेमन्त सरकार से 5 लाख नौकरी देने , नियोजन नीति ,विस्थापन नीति, और महिला सुरक्षा को लेकर जवाब मांगने भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे हैं। यह हेमन्त सरकार खुद को युवाओं का हमदर्द बनकर झारखंड की दशा और दिशा बिगाड़ दी। राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। अपराधी बेलगाम हैं। महिलाओं के साथ प्रतिदिन दरिंदगी और हैवानियत होना खेल बन गया है। भ्रष्टाचार और लूट के ताबूत पर खड़ी कांग्रेस युक्त हेमंत सरकार से उनके अपने ही अलग हो रहे हैं।आज इस युवा आक्रोश रैली से हेमन्त सरकार के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम भी पूरा हो जाएगा । पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू डॉ संजय प्रसाद सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार सिंह, बलराम महतो, राजू कुशवाहा, स्नेह लता चौधरी,दिनेश प्रसाद , महेन्द्र प्रजापति,जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, दिलीप सिंह, संजीव कुमार बावला,किरण देवी, संजय प्रभाकर, सरदार अनमोल सिंह अशोक कुमार, अर्जुन यादव, एसी मोर्चा प्रदेश मंत्री विनोद कुमार,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, रूपा देवी,अमिता सोनी,रीति श्रीवास्तव, सरिता ठाकुर, नमेंद्र चंचल ,सन्नी कुशवाहा, योगेश दांगी, संतोष कुमार शर्मा,सूर्यवंश श्रीवास्तव,मनोज गिरि, संजय साह , रोबिन गुप्ता, पंकज शाह,सुशांत पाण्डे,लक्ष्मी देवी, प्रवीण कुमार सोनू धीरज साहू, भीमसेन चौहान ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मण्डल, सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता युवा आक्रोश रैली में शामिल हुए।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में 'सॉफ्ट स्किल' पर कार्यक्रम

**पदमा।** प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन द्वारा कोलकाता की संस्थान 'सीसीओपीएल ग्लोबल इंस्टिट्यूट' के सहयोग से महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लिए 20 से 27 अगस्त तक 'सॉफ्ट स्किल' तथा 'प्राध्यापकों के लिए इसके महत्व' पर कार्यक्रम चल रहा है। विगत 20 अगस्त को संस्था के उप सचिव अजीत कुमार, प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद तथा विशेषज्ञ डॉ.वीके सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आरंभ तथा कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा के उपरांत कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ बी.के. सिंह, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र, संत कोलंबा, महाविद्यालय, हजारीबाग ने विषय प्रवेश कराया तथा 'सॉफ्ट स्किल' तथा 'प्राध्यापकों के लिए इसके महत्व' पर चर्चा किया।

कार्यक्रम के दूसरे से छठे दिन की विशेषज्ञ एडवोकेट पत्रलेखा चक्रवर्ती है, जिनके द्वारा प्रस्तुत सत्रों में व्याख्यान, प्रदर्शन तथा कई क्रियाकलाप में प्राध्यापक अपनी उत्साह पूर्ण भागीदारी कर रहे हैं। 27 अगस्त, कार्यक्रम के समापन सत्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार,विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, संत कोलंबा कॉलेज होंगे, जिनकी प्रस्तुति का विषय होगा 'संचार में भाषा का महत्व'। महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम का संचालन एक सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास है। संस्था के निदेशक रवि प्रकाश ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि प्राध्यापकगण एक

## केशव महतो का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस को नई ऊर्जा देगा : मंगलेश

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रांची एयरपोर्ट पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो उर्फ कमलेश को बुके भेंट कर उन्हें बधाई दी। मंगलेश ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मंगलेश ने इस अवसर पर कहा कि केशव महतो का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लेकर आएगा। उनके अनुभव और नेतृत्व में पार्टी निश्चित रूप से राज्य में और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कमलेश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और अधिक जोश और समर्पण के साथ जनसेवा में जुटेंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने कमलेश को अपनी शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में पार्टी को और ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया और आने वाले चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। केशव ने इस मौके पर कहा कि यह सम्मान और जिम्मेदारी मुझे पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता की सेवा में और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देता है। मैं सबके सहयोग और समर्थन के लिए आभारी हूं। मौके पर कमलेश कुमार, सुनील चक्रवर्ती, छोटन कुमार आदि मौजूद थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**रामगढ़।** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत मनरेगा के तहत शुक्रवार को उप विकास आयुक्त, रामगढ़ रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर में नीम का वृक्ष लगाया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीम का वृक्ष औषधीय गुणों से भरपूर होता है साथ ही नीम का वृक्ष हवा को शुद्ध करने का भी काम करता है। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी जिले वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह, ग्रामीण विकास शाखा आदि के अधिकारियों एवं कर्मियों ने कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया।

विधायक अंबा प्रसाद ने प्लेसमेंट का उद्घाटन किया

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 6000 से अधिक युवाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

नवीन मेल संवाददाता



> अंबा प्रसाद की पहल पर टेक महिंद्रा युवाओं को रोजगार देने के लिए पहुंची हजारीबाग

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल से टेक महिंद्रा कंपनी के द्वारा आयोजित रोजगार मेला सह प्लेसमेंट ड्राइव का विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत दीप प्रज्वलन करके उद्घाटन किया। इस रोजगार मेले में युवक युवतियों ने जमकर आवेदन किया, समाचार लिखे जाने तक लगभग 6000 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए, जिसका साक्षात्कार विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में दिन शुक्रवार को हुआ। प्रारंभिक चरण में कम्युनिकेशन स्किल की जांच की गई, ऑनलाइन तरीके से टेक महिंद्रा कंपनी में बहाल होने के लिए प्रक्रिया शुरू हुई। युवाओं ने विधायक अंबा प्रसाद के सार्थक पहल की सराहना की। विधायक अंबा प्रसाद ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जो छात्र-छात्राएं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के रोजगार मेले में शामिल नहीं हो सके वे आगामी दिनों में जमशेदपुर एवं रांची में होने वाले रोजगार मेले में अवश्य भाग ले। इस दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा, सीसीडीसी डॉ के के गुप्ता, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉक्टर पंकज मांझी, टी पी डी यूसेट डॉ बुद्धदेव महतो,टी पी डी एमबीए डॉ मीता सिंह,असिस्टेंट प्रोफेसर यूसीईटी डॉ खेमलाल महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर अर्चना धान,हेड कैम्पस हायरिंग टेक महिंद्रा कंपनी प्रत्यूष राहुल, बीपीएस कार्तिके राय,सत्यम वर्मा, टेक महिंद्रा ऑफिशल्स के कर्मचारियों तथा भारी संख्या में युवक किवतिया मौजूद रहे।

## प्रेशर कुकर फटने से 10 वर्षीया सोनी कुमारी गंभीर रूप से घायल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के चेचकप्पी पंचायत अंतर्गत बभनी ग्राम में प्रेशर कुकर फटने से 10 वर्षीय सोनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना गुरुवार की है। इस बाबत सोनी के पिता मनोज सिंह ने बताया कि मेरी पत्नी घर में कुकर से दाल बना रही थी, इसी बीच अचानक कुकर फट गया। इसकी चपेट में सोनी कुमारी झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसकी जानकारी मुखिया रीता देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को ग्रामीणों ने दिया।

## उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में शामिल प्रतिभागी की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** उत्पाद विभाग में सिपाही की बहाली के लिए पदमा प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ चल रही है। यहां रोज हजारों युवक नौकरी पाने के लिए दौड़ में भाग ले रहे हैं। गुरुवार को चल रही दौड़ में शामिल एक प्रतिभागी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, एक युवक ने उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में भाग लिया। इस दौरान वह गिर गया। आनन-फानन में युवक को मेडिकल टीम ने शेख बिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम ने हार्ट अटैक की बात कही। युवक का अस्पताल में चल रहा था, जहां देर रात उसकी मौत हो गयी। मृतक युवक की उम्र करीब 22 वर्ष होगी। पहचान नहीं होने के कारण श को सेवा मुक्ति धाम के निर्देशक नीरज कुमार को सौंप दिया गया। निर्देशक ने बताया कि शव को मुक्ति धाम के मोर्चरी में रखा गया है। पदमा पुलिस जब तक युवक की पहचान नहीं बताती, तब तक शव को यहां सुरक्षित रखा गया है।

## पुलिस की 'तीसरी आंख' खराब भगवान भरोसे शहर की सुरक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** वर्ष 2016 में रामनवमी के दौरान शहर दंगों की आग में झुलसा था। कई दिनों तक कर्फ्यू लगाना पड़ा था। इससे सबक लेते हुए तत्कालीन एसपी भीमसेन टूटी ने पहल कर शहर में सीसीटीवी लगाने की योजना बनायी। तत्कालीन उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और बाद में मुकेश कुमार का इस कार्य में सहयोग मिला। बाकायदा 500 जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए चिन्हित किये गये थे। इस पर पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना तैयार की गई थी।

**पहले फेज में 149 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे :** तय किया गया कि उक्त योजना में सांसद और विधायक फंड के अलावा सीएसआर के पैसे का भी उपयोग किया जाएगा। पहले फेज में 149 और बाद में 100 यानी कुल 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इन कैमरों का लाभ भी मिला और चोरी की कई घटनाओं का उद्भेदन हुआ, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण योजना पूरी तरह धरातल पर नहीं उतर पाई।

## पत्थरों के बीच फंसी महिला निकाली गई

> गुरुवार की सुबह यह चौंकाने वाली घटना उस वक्त सामने आई जब चरवाहों ने महोड़ा पहाड़ पर एक व्यक्ति को पत्थरों के बीच फंसा पाया

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड के अंतर्गत आने वाली शाहपुर पंचायत के एक छोटे से गांव शाहपुर टोला डिबलबनथ में महोड़ा पहाड़ की ऊंचाई पर पत्थरों के बीच में फंसी महिला को स्थानीय प्रशासन व ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास और कड़ी मशक्कत के बाद शाम चार बजे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इससे पहले गुरुवार की सुबह यह चौंकाने वाली घटना उस वक्त सामने आई जब चरवाहों ने उक्त पहाड़ पर एक व्यक्ति पत्थरों के बीच में फंसा पाया। जिसका केवल पांव दिखाई बाहर दिखाई दे रहा था। इस रहस्यमयी घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। स्थानीय लोग और प्रशासन इस व्यक्ति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुट गए।

### घटना ने पूरे क्षेत्र के लोगों को एकजुट किया

इस घटना ने पूरे क्षेत्र के लोगों को एकजुट कर दिया। यह घटना दर्शाती है कि मानवता अभी भी जीवित है, और कठिन परिस्थितियों में लोग एक-दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। यह घटना न केवल हजारीबाग जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए एक चेतावनी है कि प्राकृतिक आपदाओं और अनहोनी घटनाओं के प्रति सतर्क रहना कितना जरूरी है। महिला की जान बचाने के लिए किए गए एकजुट प्रयासों ने मानवता की एक नई मिसाल कायम की है, और यह साबित कर दिया है कि इंसानियत के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं हो सकती। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के समर्पित प्रयास ने उक्त महिला को नई जिंदगी दी है। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पूरे इलाके में प्रार्थनाओं का दौर जारी रहा, और सभी की निगाहें इस घटना के सकारात्मक परिणाम की ओर टिकी हुई थी।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में पार्थेनियम घास उन्मूलन को लेकर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में पार्थेनियम घास जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पार्थेनियम घास उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केंद्रीय वर्षाश्रित भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ शिवमंगल प्रसाद, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, कृषि विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। स्वागत भाषण से पूर्व कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता, कुलपति, कुलसचिव सहित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। अतिथि परिचय के साथ साथ डॉ कुमार ने मौके पर कृषि विभाग की उपलब्धियों का विस्तार पूर्वक जिक्र किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व प्रधान वैज्ञानिक डॉ शिवमंगल प्रसाद ने पार्थेनियम घास के भारत आगमन के इतिहास से लेकर उन्मूलन हेतु प्रबंधन तक विस्तार पूर्वक मौजूद किसानों व विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जानकारी ही समस्या का समाधान है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि दरअसल ऐसे संगोष्ठी विद्यार्थियों के साथ साथ किसानों के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि उन्नत खेति ना केवल पैदावार बढ़ाता है बल्कि फसल की गुणवत्ता के लिए भी मददगार है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि पार्थेनियम घास या गाजर घास एक नुकसान दायक घास है, जिसके रहने से फसल को नुकसान पहुंचता है। यही जानकारी के अभाव में कई बार हम ऐसे घास को छोड़ देते हैं, नतीजतन फसल का नुकसान हो जाता है। ऐसे में संगोष्ठी या अन्य माध्यमों से मिली जानकारी हमारे लिए मुफीद साबित होती है। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने भी खरपतवार से होने वाले नुकसान का जिक्र किया तो डीन एकेडमिक डॉ मनोज मिश्रा ने मिट्टी की क्षमता और इसे उर्वर बनाने पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापिका प्रतिभा हेंब्रम, प्रभात किरण सहित अन्य ने भी अपने अपने विचार रखे। तकनीकी सत्र के दौरान विद्यार्थियों की ओर से मृदा एवं इसके स्वास्थ्य को लेकर कई सवाल भी पूछे गए, जिसे मुख्य अतिथि डॉ शिवमंगल प्रसाद ने बारी-बारी से सभी के जवाब दिए। मौके पर जिले के प्रगतिशील कृषक श्रीराम प्रसाद ने भी अपने अनुभव साझा किए जबकि जेन्फार्म के अधिकारी प्रवीण शर्मा ने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के इस पहल को सराहनीय बताया। संचालन सहायक प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी व धन्यवाद ज्ञापन कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश ने किया। कार्यक्रम में सैंकड़ों किसानों के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## एडुमेटा द आई स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**कोडरमा।** कोडरमा के सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल परिसर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा और बाल लीलाओं से जुड़ी अपने नटखट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़कर बच्चों ने अलग-अलग झांकियां भी प्रस्तुत की। स्कूल निदेशक मधु कुमारी ने अपने विचार रखे और कृष्ण भगवान के बाल रूप से अवगत कराया। बच्चों में कृष्ण के रूप में सूर्यांश और राधा का रूप धरे आदिति व प्रिशा प्रकाश ने खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की एडमिन श्रुति रॉय, कार्यक्रम संयोजक ज्योति, शिक्षिका स्वाति के मार्गदर्शन में हुआ। स्कूल के बच्चों रिषित राज, काशवी, वाणी, आद्विक, नियांश, प्रिशा विश्वकर्मा, सूर्यांश, आदिति, प्रिशा प्रकाश, आव्या, गोलू कुमार, अर्णव, तृषिका, रुद्र, युवान, गर्वित, अभिनव ने जन्माष्टमी के आयोजन में भाग लिया।

## जनकल्याणकारी मांगों को लेकर नगर परिषद के क्षेत्र कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन आज



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई द्वारा 24 अगस्त को विभिन्न जन कल्याणकारी मांगों को लेकर व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने हेतु नगर परिषद कार्यालय रामगढ़ के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन के के माध्यम से रामगढ़ नगर परिषद व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के समीप निर्मित दुकान जो बनकर तैयार है लेकिन अभी तक आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। जितने लोग पूर्व में झोपड़ीनुमा दुकान चलाकर जीविकोपार्जन चलाते थे उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो रही है। नवनिर्मित दुकानों का आवंटन शीघ्र , होल्डिंग टैक्स को कम करने, फसल बीमा का लाभ देने तथा आम जनों तक की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा।

## एटीएम को गैस कटर से काटकर रुपये ले भागे चोर

**रामगढ़।** शहर के बाजार टांड़ स्थित एसबीआई के एटीएम को चोरों ने गैस कटर की मदद से काटकर उसमें रखी राशि निकाल लिया और भाग निकले । जानकारी के मुताबिक चोरों द्वारा घटना को गुरूवार की राम की अंजाम दिया गया । एटीएम में कितनी राशि रखी हुई थी इसका अभी पता नही चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन किया। पुलिस ने कहा की घटना में शामिल लोग शीघ्र पकड़े जायेंगे ।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ पुस्तक विमोचन, पूर्ववर्ती छात्र सम्मानित



**बरही ।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में संस्कृति बोध परियोजना की पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी व मर्चेंट नेवी में कार्यरत विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र करसो निवासी भैया कौशल कुमार व भैया अमन पांडेय को सम्मानित भी किया गया। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार को देते हुए कहा कि जीवन में आचार्य की भूमिका अतुलनीय है। गुरु ही ज्ञान के भंडार है इनके बिना सब कुछ शून्य है। इन दोनो ने अपने अनुभवों को भीं विद्यालय के भैया बहनों के बीच रखने का काम किया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने दोनो पूर्ववर्ती छात्रों को विद्यालय के भैया बहनों के लिए प्रेरणा पुंज बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी विद्यालय के धरोहर हैं, आपकी प्रेरणा अन्य भैया बहनों को आगे बढ़ने में सहायक होगा। पुस्तक की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि इस पुस्तक में भारतीय समाज और संस्कृति का सुंदर समावेश है, जो समाज को एक सही दिशा देगी।

## सभी बाधाओं को चीरते हुए पूर्व विधायक की सेना पहुंची मोरहाबादी




**बरही ।** शुक्रवार को रांची मोरहाबादी मैदान में भाजपा की आक्रोश सभा थी. इस सभा में शामिल होने के लिए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में बरही विस से सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रांची के लिए कूच किए. परंतु एक साजिश के तहत विभिन्न जगहों पर पुलिसिया जांच लगाकर सभा में जाने वाले वाहनों को रोकने का काम किया गया. पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार अपनी करनी को छिपाने के लिए भाजपा के रथ को रोकने का काम कर रही है. सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया गया है. देवचंदा मोड, पदमा मोड़, हजारीबाग, चरही नया मोड़ आदि स्थानों पर पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओ को घंटो रोककर आक्रोश सभा में जाने आ रोकने का कार्य किया. परंतु वर्तमान भ्रष्टाचार सरकार के तानाशाह रवैया से ऊबी यहां की जनता को पुलिस नही रोक सकी और सभी कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान पहुंचकर आक्रोश सभा में भाग लिया. उन्होंने कहा कि अति का अंत निश्चित है वर्तमान राज्य सरकार के सत्ता के उलटी गिनती प्रारंभ हो चुकी है।

## घनश्याम मेहता की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

**हजारीबाग।** जी।एम। ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक, शिक्षाविद ,पर्यावरणविद सह समाजसेवी घनश्याम मेहता की चतुर्थ पुण्यतिथि जी। एम। महाविद्यालय में मनाई गई। इस पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ पूजा एवं हवन के साथ प्रारंभ हुई तत्पश्चात उनके द्वारा लगाए गए बगीचे में पूजा अर्चना की गई। हजारीबाग तथा अन्य जिलों से आए प्रमुख शिक्षाविद,पर्यावरणविद , समाजसेवी , प्रतिनिधि गण एवं जाने माने समाजसेवियों ने पूजनीय घनश्याम मेहता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। प्रमुख अतिथियों में कांग्रेस नेता सह चिकित्सक आर। सी ।प्रसाद मेहता,कैलाश मेहता , उमेश राणा,भाजपा के फुलेश्वर मेहता, राष्ट्रीय ओ ।बी ।सी ।मोर्चा कार्यकारी जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मेहता, कुरहा पंचायत की मुखिया संगीता मेहता,ब्रजकिशोर मेहता,मुनेंद्र मेहता, शिक्षक राजेंद्र यादव आदि सैकड़ों प्रबुद्ध जन शामिल हुऐ। इस पुण्यतिथि समारोह में आगंतुक समाज सेवियों ने घनश्याम मेहता के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम आशा और प्रार्थना करते है।

## दो शराब तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, वाहन सहित गिरफ्तार, मामला दर्ज, भेजे गए जेल

**बरही।** गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान जीटी रोड स्थित डीएवी बिलौतिया मोड़ के समीप एक टाटा मैजिक संख्या बीआर 06 जीबी 4627 को पुलिस ने कब्जे में लिया। जिस पर अवैध रुप से अंग्रेजी लदे थे। वाहन से पाण्डेयबिगहा थाना कदीरगंज जिला पटना निवासी गणेश यादव पिता स्व अरुण यादव और अजीत कुमार पिता जनकदेव प्रसाद साकिन महाराजगंज थाना मसौढ़ी जिला पटना निवासी को गिरफ्तार भी किया गया। मामले के संबंध में 47(ए) उत्पाद अधिनियम व बीएनएस की धारा 272,275, 292 के तहत कांड संख्या 349/24 दर्ज करते हुए गिरफ्तार दोनो को जेल भेजा गया। उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार के निर्देशानुसार प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बरही पुलिस ने पत्रकारों को दी।

## एक नजर

### सांस्कृतिक कला दलों का स्क्रीनिंग कार्यक्रम संपन्न

**सिमडेगा।** जन संपर्क कार्यालय में सांस्कृतिक कला दलों के चयन, ग्रेडिंग एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 कला दलों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में चयन समिति के सदस्य सह जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, डीएसडब्ल्यू सुरज मुन्नी कुमारी, डीपीआरओ पलटू महतो आदि उपस्थित थे। मौके पर सभी कला दलों को ए ग्रेड प्राप्त हुआ।

### शहीद सहायक अध्यापक मुनेश्वर सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**कोलेबिरा।** शहीद सहायक अध्यापक मुनेश्वर सिंह की पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। मौके पर जिला कमेटी के अध्यक्ष एहतेशामुल हक और महासचिव फिरनाथ बड़ाईक के नेतृ?व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शामिल सहायक अध्यापकों ने शहीद मुनेश्वर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। हतेशामुल हक ने शहीद मुनेश्वर सिंह को आर्दश बताया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष हरीश प्रधान, पूर्णचंद्र साहू, राजकिशोर सिंह, रामकिशोर सिंह,रविनारायण प्रधान, श्यामू नायक, हेमलता सुरीन आदि उपस्थित थे।

### टैंसरा में दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब बढ़ी लोगों परेशानी

**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने टैंसेरा पंचायत के खुंटीटांड़ गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। साथ ही गांव की समस्यायों को लेकर भाजपा बुथ अध्यक्ष देवीचंद मेहर ने कहा कि हमारे गांव में दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इससे गांव के लोग अंधेरे में जीवन गुजार रहे हैं। हमारे बच्चों को पढ़ने लिखने में काफी परेशानी हो रही है। वर्षा के मौसम में सांप बिच्छू वा जहरीले जीवों से हमेशा डर बना रहता है। मौके पर श्रद्धानंद बेसरा ने तत्काल दुरभाष के माध्यम से विभाग के अधिकारियों को समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही जल्द गांव में ट्रांसफार्मर लगवाने की अपील की। मौके पर सतीश प्रसाद, संदीप, गजानंद बेसरा आदि उपस्थित थे।

### वज्रपात से वृद्ध की मौत,बहू इलाजरत

**दुमका।** बारिश के साथ वज्रपात होने से 60 वर्षीय महेश्वरी सोरेन की मौत हो गई,जबकि महिला की बहू मीरु मुर्मू बेहोश हो गई थी। उसे इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीरु मुर्मू को सुनने की क्षमता खत्म हो गई है। यह घटना दुमका प्रखंड क्षेत्र के गांदो के शहरघाटी गांव में हुई। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे परिवार के सभी लोग एक साथ खाना खाने के लिए बैठे थे।इस दौरान बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही अचानक वज्रपात हुआ। झटके से मां और बहू मीरु मुर्मू बेहोश हो गई,जबकि वृद्ध महिला के पुत्र ठाकुर मरांडी एवं पोते को हल्का झटका महसूस हुआ था। इस घटना में परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए है।

## बड़ाबड़पानी में कांग्रेस पार्टी की बूथ स्तरीय बैठक संपन्न

# आम लोगों से संपर्क बनाकर रखें कांग्रेस कार्यकर्ता: भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सदर प्रखंड के बड़ाबड़पानी में कांग्रेस पार्टी की बूथ स्तरीय बैठक हुई। बैठक में विधायक भूषण बाड़ा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की मुख्य रुप से उपस्थित थे। मौके पर संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी विस चुनाव को लेकर तैयारी तेज करने का निर्देश बूथ स्तर के कार्यकताओं को दिया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में बूथ स्तर के कार्यकताओं का शुरू से ही अहम योगदान रहा है। कार्यकर्ता जनता की सेवा को प्राथमिकता दें। विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बूथ स्तर के कार्यकताओं के मेहनत पर भारी मतों से इंडिया गठबंधन प्रत्यासी को जीत मिली। आगामी विस चुनाव में



भी कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकताओं के मेहनत से भारी मतों से जीत मिलेगी। विधायक ने कहा कि आज हर समुदाय के लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं। बहुत लोग जुड़ना चाहते हैं। ऐसे लोगों को पुरे सम्मान के साथ पार्टी में शामिल कराएं। उन्होंने कार्यकताओं को आम लोगों से संपर्क बनाए रखने की अपील की। साथ ही संगठन से जोड़ने क बात कही। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, समरोम पौल तोपनो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,नगर प्रभारी शशि गुड़िया, अरानी पंचायत अध्यक्ष ओलिभ किंडो, बिरू पंचायत अध्यक्ष हेमंत बखला, प्रतिमा कुजूर, सोभेंन तिग्गा, नीला नाग, ज्योति लुगुन, उर्मिला केरकेट्टा, मंजू तिर्की, किरण होरो, रीता किरो, अनीता सोरेंग, मोरिस किंडो, स्टेला सोरेंग,आदि भारी संख्या में बूथ स्तर के अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे।

**कांग्रेस पार्टी में कार्यकताओं का स्थान सबसे ऊपर: डेविड तिर्की**

जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता का स्थान सबसे उपर है। कार्यकर्ता पुरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करें। सरकार की योजनाओं का लाभ भी अधिक से अधिक लोगों को दिलाने में समय दें। हर दिन क्षेत्र भ्रमण करें और लोगों की समस्या सुनी।

## तानाशाही पर उतर आई है सरकार, आक्रोश रैली को रोकने का हुआ प्रयास : रवि गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में मुख्यमंत्री आवास घेराव आक्रोश रैली के तहत 70 बसों में सवार होकर भाजपा कार्यकर्ता रांची के लिए निकले प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर भाजपा कार्यकताओं को रोका जा रहा था। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सिमडेगा मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा की सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा जानबूझकर भाजपा कार्यकताओं को जगह-जगह रोका गया ये सरकार की सरासर तानाशाही है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 5 लाख नौकरी का वादा बेरोजगारी भत्ता इन सभी मुद्दों को लेकर झारखंड के युवा आक्रोश में है उनकी आवाज बनकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आक्रोश प्रदर्शन तय किया गया था,हेमन्त सोरेन सरकार के संरक्षण में सत्ता का दुरुपयोग करते हुए युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया फिर भी भाजपा कार्यकताओं ने अपने आक्रोश का प्रदर्शन करते हुए दबाव को झेलते हुए मोराबादी मैदान पहुंचे और आक्रोश प्रदर्शन में भाग लिए आक्रोश प्रदर्शन से तय हो गया की झारखंड की जनता अब यह सरकार को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। 2 महीने के बाद विधानसभा चुनाव में गठबंधन सरकार को मुंह की खानी पड़ेगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी।

## चार दिनों से बिजली नहीं रहने को लेकर झापा जिला अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा, कोनबेगी आदि गांव में पिछले चार दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों में आक्रोश पनप रहा है। झापा जिलाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया मतियस बागे ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मी और अधिकारी जनता की भावना को समझ नहीं रहे हैं, उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक और छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है वहीं दूसरी ओर अंधेरे के कारण रात में विषैले सांप बिच्छू आदि का खतरा भी बना रहता है। बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। आपूर्ति बहाल नहीं होने पर आंदोलन की बात भी उन्होंने कही है।इधर झापा जिलाध्यक्ष ने सत्ताधारी दल पर भी गंदी राजनीति का आरोप लगाया है। कहा कि सत्ताधारी दल के वर्तमान विधायक बिजली विभाग के कर्मी को गैर कांग्रेस पार्टी के नेताओं और समर्थक गांव में काम करने से मना कर रहे हैं। राजनीतिक स्वार्थ के कारण जनता को परेशान करने की कोशिश की जा रही है, बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों पर भी अनावश्यक दबाव बनाकर उन्हें काम नहीं करने के लिए डराया और धमकाया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक विक्सल कोंगाडी

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखंड के बेहरीनबासा गाँव में सेवा निवृत्त शिक्षक के निधन पर अन्तिम संस्कार में शामिल हुए विधायक नमन विक्सल कोंगाडी । प्राप्त जानकारी सेवा निवृत्त शिक्षक जेरोम खेस का निधन उनके आवास बेहरीनबासा में 23 अगस्त 2024 को हो गया । वह 1991 से 2016 आरसी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सेवा दिया । वे मिलनसार, मृदु भाषी एवं हंसमुख ब्यक्ति थे । उनके निधंन से लोगों में शोक की लहर है । इस मौके पर उनके अन्तिम संस्कार के मौके पर कोलेबिरा विधायक। नमन विक्सल कोंगाडी उपस्थित हुए और उनके परिजनों को ढाढस बंधाया ।

## सिमडेगा में झारखंडी अधिकार सह प्रदर्शन मार्च का आयोजन

# आदिवासी नेता हेमंत को राज्य की कामान मिलने पर बौखला गई है भाजपा : अनिल कंडुलना

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला समिति की ओर से शुक्रवार को केंद्रीय समिति के निर्देश पर झारखंडी अधिकार सह प्रदर्शन मार्च का आयोजन किया गया। अलबर्ट एक्का स्टेडियम में महा जुटान कर झारखंडी हित को नुकसान पहुंचाने वालों को लिए चेतावनी दिया गया। वहीं इस मौके पर झारखंडी अधिकार मार्च एवं प्रदर्शन अलबर्ट एक्का स्टेडियम से शुरू कर झुलन सिंह चौक होते हुए महावीर चौक, कचहरी एवं पुनः अलबर्ट एक्का स्टेडियम में समापन किया गया। अलबर्ट एक्का स्टेडियम में जनता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा राज्य गठन के बाद 20 वर्ष तक केंद्र शासित भाजपा की सरकार झारखंड की सत्ता का भोग करती रही। 2019 में जब झारखंडी जनता ने भाजपा से सत्ता छीन कर एक युवा आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को सत्ता सौंपी तो भाजपा के लोग बौखला गए, की




आखिर कैसे एक आदिवासी नेता सत्ता संभाल सकता है। यहीं से भाजपा ने द्वेष की राजनीति शुरू की। भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा झारखंड के हक और अधिकार को लगातार छिनने का कार्य किया गया है। केन्द्रीय सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों में हमेशा झारखंड राज्य की उपेक्षा की गई है। भोले भाले झारखण्डी जनों के हक, अधिकार एवं सम्मान को कुचलने का प्रयास किया गया है। भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के झारखंडी विरोधी मानसिकता एवं उनके दोहरे चरित्र को आज हम झारखंडी विरोध करते हैं। सचिव शफीक खान ने कहा पहले तो सरकार गठन के बाद ये सरकार गिराने की जुगत में लगे रहे। लेकिन जब इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली तो राज्य के मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में जेल में डाल दिया। क्योंकि केंद्र में इनका शासन था और ईडी सीबीआई जैसी संस्थाएं इनके इशारे पर कार्य करतीं थीं। लेकिन सच की हमेशा जीत होती है। जननेता हेमंत सोरेन न्यायालय से बेदाग घोषित हुए।

मौके पर उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, मो शहीद, बिरजो कंडुलना, फिरोज अली,राकेश लकड़ा, कल्याण मिंज, संजू डांग, राजेश टोप्पो , सुनील सुरीन, नगर उपाध्यक्ष संदीप मिंज सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**गोड्डा।** जिले के महगामा प्रखंड के हीर करहरिया गांव में शाहिस्ता खातून ( 30 ) ने दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाहिस्ता के शव को उनके घर के पास स्थित मवेशी घर में बांस से लटका पाया गया। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने पर हनवारा थाने के प्रभारी अक्षय कुमार और एसआई भोलेनाथ भगत ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजा। मृतिका के पिता शाबिर अंसारी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि शाहिस्ता के पति मोजाहिद अंसारी ने उनकी बेटी के साथ हमेशा मारपीट की थी और हाल ही में भी उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया था। मोजाहिद अंसारी ने हालांकि इस आरोप को खारिज किया है। उन्होंने बताया कि बीते गुरुवार को वे अपने बच्चे के साथ भागलपुर गए थे और वहां से लौटते समय कुछ खाद्य सामग्री भी खरीदी थी। घर पहुंचने के बाद सब कुछ सामान्य था, लेकिन रात में शाहिस्ता के आत्महत्या करने की खबर मिली।

## विधायक ने ग्रामीणों के बीच बाटें हाथी भागने के सामान, कहा-

# गांव में हाथी आने पर दें मुझे सूचना

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखंड अंतर्गत बेहरीनबसा, मालसाडा पंचायत के गॉव में हांथी आने की खबर मिलते ही गांव वालों के बीच विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी पहुंच कर टॉर्च, जुट बोरा, मोबिल और पटाखे का वितरण किया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित लोगों को कहा कि हांथी आने की खबर मुझ तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है तो



सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने के लिए लाल मिर्च के पावडर को जले हुए मोबिल या ग्रीस में अच्छी तरह मिलाकर उसे जुट बोरा में लपेटकर गांव के चारों ओर जला कर रखें, जिससे हाथी नजदीक नहीं आते हैं। इसका महक से हांथी गांव से दूर रहता है। विधायक ने आगे बताया कि मधुमखियों का पालन करें क्योंकि एक शोध में ये पाया गया है कि हाथी मधुमक्खी से डरते हैं, मधुमखियां उनके आंख और सूंड में डंक मारती है उसके अलावा मधुमखियों की आवाज हाथियों को परेशान करती है। मधुमखियों से भरे डिब्बे हाथियों के रास्ते में रखने से हाथियों को मानव बस्तियों में आने से रोका जा सकता है।

## पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह का किया उद्भेदन, दो को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के जलडेगा पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है इस संदर्भ में शुक्रवार की शाम सिमडेगा एसडीपीओ पवन कुमार के कार्यालय में प्रेस वार्ता कर उन्होंने जानकारी दी। जहां पर उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से अज्ञात चोरों के द्वारा बैटरी चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, घटनाओं का दुवेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। चोरों के विरुद्ध अनुसंधान प्रारंभ किया गया अनुसंधान के क्रम में उक्त घटना में शामिल अंतर जिला बैटरी चोर



गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने जलडेगा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।दोनों अभियुक्त गुमला जिला के रहने वाले हैं पूछताछ के क्रम में अभियुक्त होने सिमडेगा जिला में घटित बैटरी चोरी की घटना में अपनी जुर्म का कबूल किया वहीं गिरफ्तार व्यक्ति में ललताभ खान उर्फ शखर खान कीन्दिरकेला निवासी ,वही दूसरा ओसामा खान उर्फ लादेन कीन्दिरकेला बसिया निवासी है ।

# बरसात के मौसम में वज्रपात, सर्पदंश से बचने को सभी लोग जागरूक रहें : नमन विक्सल

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने शुक्रवार को कोलेबिरा अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विगत दो दिन पुर्व भालु के हमले से घायल मरीज से मुलाकात की।मुलाकात के दौरान मरीज का कुशल क्षेम जाना और जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की।वहीं मौके पर से ही कोलेबिरा वन प्रमंडल के पदाधिकारी से बात कर अविलंब सरकारी प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा देने का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि अभी बरसात का मौसम है। सांप काटने से उपचार करने के लिए सभी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा उपलब्ध है। इसीलिए सांप के काटने पर अविलंब नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करवाएं ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो और जान बच सके। अभी बरसात के मौसम में वज्रपात की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वज्रपात से बचने के लिए विधायक ने लोगों को जागरूक किया और कहा कि जब वर्षा हो रही हो तो बर्षा से बचने के लिए किसी भी पेड़ के नीचे आश्रय ना लें,इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दुर रहें इत्यादि उपायों से वज्रपात से बचा जा सकता है।

### फोन पर लिंक भेज कर खाते से उड़ा लिए दो लाख रुपए

**गोड्डा।** जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में एक महिला ने मोबाइल पर आए मैसेज के बाद बैंक खाते से दो लाख रुपये की ठगी का शिकार होने का मामला शुक्रवार को दर्ज कराया है। कंचन देवी, पति मनोज ठाकुर ने पोड़ैयाहाट थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कंचन देवी ने बताया कि 18 अगस्त को उनके मोबाइल पर एक एपीके का मैसेज आया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।**

पत्रांक :- गुमला, दिनांक :-

निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन

इस कार्यालय के Tender No. 19/F2/2024-25 जिसका प्रकाशन PR No. 332967 Minor Irrigation (24-25).D है तथा जिसका निविदा दिनांक 27.08.24 को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।

PR 333516 Minor Irrigation(24-25)D



**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 48/24–25.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 02/09/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 03/09/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 03/09/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लातेहार स्थित पुराना सर्किट हाउस, में पाथ, गार्डेन एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,41,566=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 28 दिन |
| 2. | व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में पाथ लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,28,311=00 | 1250=00 | 15,000=00 | 28 दिन |
| 3. | सरायकेला, खरसावाँ स्थित जिला गव्य विकास पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,02,266=00 | 1250=00 | 19,000=00 | 28 दिन |
| 4. | सिमडेगा स्थित पुलिस अधीक्षण के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,93,264=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 5. | हजारीबाग स्थित कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,83,016=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 6. | गढ़वा स्थित उपायुक्त आवास के परिसर में बगीचा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,85,143=00 | 1250=00 | 16,000=00 | 28 दिन |
| 7. | मोराबादी, रॉची स्थित कार्यपालक अभियन्ता, बी0सी0डी–2 के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट एवं बगीचा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,19,313=00 | 500=00 | 5,000=00 | 21 दिन |
| 8. | बूटी रोड, मछली घर के समीप स्थित वरीय पदाधिकारी आवास सं0 05 के आवास में 03 अदद 2.0 टन एवं 01 अदद 1.5 अन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 3,73,023=00 | 750=00 | 8,000=00 | 21 दिन |
| 9. | सरकुलर रोड रॉची स्थित जे0पी0एस0सी0 कार्यालय के पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष, मिटिंग हॉल एवं परिक्षा विभाग में 06 अदद 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,92,328=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 10. | सरकुलर रोड रॉची स्थित जे0पी0एस0सी0 कार्यालय के पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष एवं गोपनीय रूम में 09 अदद 1.5/ 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,01,544=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 28 दिन |
| 11. | रातू रोड रॉची स्थित मंत्री बंगला सं0 5 में 04 अदद 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र एवं कॉके रोड, रॉची स्थित मान्नीय पूर्व मुख्य मंत्री आवास सं0 5 कॉके रोड रॉची में 02 अदद 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 5,68,772=00 | 1250=00 | 12,000=00 | 28 दिन |
| 12. | डोरण्डा रॉची स्थित जस्टीस बंगला नं0 1 मे 2 अदद 2.0 टन, न्यायाधीश बंगला सं0 1/19 में 01 अदद 2.0टन न्यायाधीश बंगला सं0–12 में 02 अदद 1.5 टन न्यायाधीश बंगला सं0– 2 में 01 अदद 1.5 अन, एवं न्यायधीश बंगला सं0 17 मे 01 अदद 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,27,304=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 28 दिन |
| 13 | जमशेदपुर स्थित डी0 डी0 सी0 के आवासीय परिसर में बगीचा लाईट, गेट लाईट एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,33,227=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 28 दिन |
| 14. | व्यवहार न्यायालय, घाटशीला के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,81,972=00 | 1250=00 | 18,000=00 | 28 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 333615 Energy(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0–II, राँची।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता,एन0आर0ई0पी0–II, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक 30.08.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 31.08.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 31.08.2024, 03:30 बजे पूर्वाह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0–II, राँची। (2) जिला योजना पदाधिकारी, विकास भवन, राँची।
6. निविदा का मद :– डी0 एम0 एफ0 टी0 मद।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :– परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ झारखण्ड राज्य के अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) से निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

(8) निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकलप संख्या 2146 (एस) दिनांक 09.09.2020 में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक द्वारा 10 प्रतिशत से कम दर Quote करने Additional Performance Security की राशि निम्नवत् जमा करनी होगी :–

(i) 10 से 20 प्रतिशत Below की राशि का 20 प्रतिशत तथा

(ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

| क0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत हुटाप मोड़ मे दो डीप बोरिंग करके सोलर प्लेट जलमिनार 16000 लिटर का निर्माण कर पाईप लाईन द्वारा आस–पास के ग्रामिणो को जलापूर्ति। | 24,99,300-00 | 50,000=00 | 5,000=00 | 3 Months |
| 2 | खलारी पंचायत मे जी टाइप न्यु बस्ती में डीप बोरिंग करके सोलर प्लेट जलमिनार 16000 लीटर का निर्माण कर पाइप लाइन द्वारा आस–पास के ग्रामिणो को जलापूर्ति | 24,99,300-00 | 50,000=00 | 5,000=00 | 3 Months |
| 3 | मायापुर पंचायत में हरहू ग्राम में मारग्रेट मिंज के घर के पास डीप बोरिंग युक्त 8000 लीटर का सोलर जलमीनार का अधिष्ठापन। | 13,70,300-00 | 27,500=00 | 2,500=00 | 3 Months |
| 4 | खलारी प्रखण्ड अंत गंत तुमांग में धमधमीया माईन्स कॉलनी में 16000 लीटर क्षमता युक्त सोलर जलमिनार का अधिष्ठापन कार्य। | 24,99,300-00 | 50,000=00 | 5,000=00 | 3 Months |
| 5 | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत हुटाप पंचायत के ग्राम–हुटाप मे दशरथ तुरी के पास हुटाप स्कूल के समीप डीप बोरिंग युक्त 16000लीटर जलमिनार का अधिष्ठापन कार्य। | 24,99,300-00 | 50,000=00 | 5,000=00 | 3 Months |
| 6 | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत हुटाप पंचायत के ग्राम–हुटाप मे सरयु तुरी के घर के पास डीप बोरिंग युक्त 16000 लीटर जलमिनार का अधिष्ठापन कार्य। | 24,99,300-00 | 50,000=00 | 5,000=00 | 3 Months |
| 7 | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत के ग्राम–बड़की टाड़ के कृष्णा नायक के घर के पास 16000 लीटर क्षमतायुक्त सोलर जलमिनार का अधिष्ठापन कार्य। | 24,99,300-00 | 50,000=00 | 5,000=00 | 3 Months |

PR 333577 NREP(24-25)D

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0– II, राँची।

संपादकीय

# कृषि में सुधार के लिए हो बिचौलिया मुक्त बाजार

15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से कहा कि कृषि व्यवस्था को बदलना समय की मांग है। देश के किसान भारत को विश्व की ऑर्गेनिक फूड बास्केट बना सकते हैं और विश्व के देशों के लिए भारत मददगार हो सकता है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की सराहना की जा रही है। कृषि प्रधान देश भारत में आज भी हमारी मजबूत अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा स्तंभ कृषि ही है।कोरोना काल में शुरू हुई और पूर्व से चल रही खाद्य सुरक्षा योजनाएं गांवों में जरूरतमंदों को राहत पहुंचा रहीं हैं पर कुछ सक्षम लोगों तक राज्य और केंद्र की ऐसी योजनाएं किसानों को खेती से विमुख भी कर रहीं हैं क्योंकि खाद,बीज और अनावृष्टि से जीतोड़ मेहनत के बाद किसान को कमजोर और बिचौलिया प्रधान बाजार व्यवस्था के कारण लाभ नहीं होता। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश ने कृषि उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। खासतौर से पिछले 10 वर्षों में कृषि विकास के अभूतपूर्व प्रयासों से अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में पहचान बना रहा है। कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए फसलों की 1,900 नई जलवायु-अनुकूल किस्में उपलब्ध कराई गई हैं। भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने मोटे अनाज को श्रीअन्न का नाम देकर इसे एक लाभदायक समाधान के रूप में प्रस्तुत किया है। भारत कृषि क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है।वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित नौ उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र भी शामिल है। बजट में कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नए बजट में सरकार उपज के संग्रहण, भंडारण और विपणन सहित सब्जी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए किसान-उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्टअप को बढ़ावा संबंधी प्रावधान शामिल किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रमुख फसलों का, जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, उसके मुताबिक कुल खाद्यान्न उत्पादन 3288.52 लाख टन अनुमानित है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में दूध, दालों और मसालों का नंबर एक उत्पादक है। इसके अलावा, देश खाद्यान्न, फल, सब्जियां, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। ऐसे में जब देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है, तब खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है।

> **कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं।**

# भगवान श्रीकृष्ण हैं सृष्टि के महानायक और मैंनेजमेंट गुरु

## श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी- 26 अगस्त पर विशेष



आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान- क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण उहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे। भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धमार्नुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैंनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# मोहन यादव की अभिनव योजना का यूनिसेफ हुआ मुरीद



कृष्णमोहन झा
लेखक राजनैतिक विश्लेषक हैं

गत वर्ष नवंबर में संपन्न मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद पार्टी हाईकमान ने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए जिन तीन नये चेहरों का चयन किया था उनमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मात्र आठ महीनों में ही अपने दोनों समकक्षों से काफी आगे निकल गए हैं और हाल में ही उनकी सरकार ने राज्य की छात्राओं के हित में एक ऐसा अनूठा काम किया है जिसके लिए वैश्विक संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ की ईकाई यूनीसेफ ने भी उनकी प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने विगत 11 अगस्त को जब प्रदेश की छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रत्येक छात्रा के खाते में तीन सौ रुपए की राशि ट्रांसफर की तो मध्यप्रदेश देश में इस तरह की योजना की प्रारंभ करने वाला पहला राज्य बन गया था जिसने यूनीसेफ का भी ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश सरकार की इस अभिनव योजना के लिए मुख्यमंत्री यूनीसेफ से सराहना अर्जित करने के हकदार बन गए। यहां इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इस तरह की एक योजना की शुरूआत करने की घोषणा लगभग दस वर्ष पूर्व की थी परन्तु किन्हीं कारणों से उस पर अमल नहीं हो पाया परन्तु मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभालने के बाद डॉ मोहन यादव ने छात्राओं के स्वास्थ्य सुरक्षा और हाइजीन के लिए मध्यप्रदेश में इस योजना को जल्द से जल्द प्रारंभ करने की पहल की और 11 अगस्त को स्वयं अपने हाथों से 19 लाख छात्राओं के खाते में 57 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इस अभिनव योजना के लिए किसी विलंब के मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार की तारीफ के लिए आगे आया यूनीसेफ अर्थात संयुक्त राष्ट्र बाल कोष लगभग 200 देशों में बच्चों की जिंदगियां बचाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने एवं बचपन से लेकर किशोरावस्था तक उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में उनकी मदद करता है। भारत में यूनीसेफ ने लगभग सात दशक पूर्व अपना कार्य प्रारंभ किया था जिसका निरंतर विस्तार होता रहा है। ऐसे अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने जिस तरह से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सराहना की है वह मध्यप्रदेश की जनता के लिए निश्चित रूप से गौरव का विषय है । विशेष यह कि मात्र आठ माहों में ही केंद्र सरकार और अब यूनीसेफ तक को अपनी योजनाओं का मुरीद बना बना लेने में सफल मुख्यमंत्री मोहन यादव आज भी उतने सहज सरल और विनम्र दिखाई देते हैं जितना वे राजनीति में प्रवेश करने के पूर्व हुआ करते थे। छात्राओं के लिए सेनीटेशन और हाइजीन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में प्रारंभ आर्थिक प्रोत्साहन योजना की यूनीसेफ द्वारा सराहना किए जाने पर सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मध्यप्रदेश के किशोरों और बच्चों के लिए हमारे प्रयासों को विश्व स्तर पर मान्यता देने के लिए यूनिसेफ इंडिया का धन्यवाद। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा और पश्चिमी मीडिया



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनके स्थानीय मीडिया में यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचना हो रही है। प्रधानमंत्री भी सब कुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे भी यूक्रेन के दौर के पक्ष में नहीं हैं? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहे। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से जेलेंस्की भारत से विशेषकर मोदी से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं, तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं। लेकिन, ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# राजनीति से सिनेमा तक स्त्री ही बिकती है



राकेश अचल

दुनिया में जो देश नारी की पूजा का दावा करता है उसी देश में नारी की सुरक्षा आज राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा है। ये मुद्दा लालकिले की प्राचीर से भी गूंजता है। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक ये एक समान मुद्दा है। ये मुद्दा राजनीति का भी है, कानून और व्यवस्था का भी है, समाज का भी है और अदालत का भी। फिर भी स्थिति ये है कि आज हम दुनिया के उन दुर्भाग्यशाली देशों में शुमार किये जा रहे हैं जहां नारी सबसे ज्यादा असुरक्षित,सबसे ज्यादा अपमानित, शोषित और पीड़ित है। कोई माने या न माने लेकिन ये सच है कि नारी यानि स्त्री यानि अबला सबके लिए आज भी वस्तु है, फिर चाहे वो सिनेमा हो,बाजार हो या सियासत हो।

हम और हमारा समाज मनुवादी है, मनुस्मृति कहती है - यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः। (मनुस्मृति 3/56) लेकिन मुझे लगता है कि मनुस्मृति झूठ कहती है। मनुस्मृति के आधार पर चलने वाले लोग झूठे है। वे नारी की पूजा केवल स्मृतियों में करते हैं ,वास्तविकता में नहीं।। मनुस्मृति से ज्यादा सच तो हमारे दद्दा मैथलीशरण गुप्त बोलते रहे ,वे लिख गए कि -

*'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी*
*आंचल में है दूध और आंखों में पानी '*

हम सदियों से स्त्रियों के बारे में अपनी सोच नहीं बदल पाए। आजादी के बाद भी हमारी सोच स्त्रियों को लेकर पाशविक ही बनी हुई है ,इसे बदलने के लिए कोई कुछ नहीं करना चाहता। सब स्त्री सुरक्षा के नाम पर राजनीति करना चाहते हैं। स्त्री सुरक्षा के मुद्दे पर हमारा या किसी का सर शर्म से नहीं झुकता, झुक भी नहीं सकता ,क्योंकि हम सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। हमारे लिए स्त्री केवल वस्तु है। राजनीति में स्त्री की अस्मिता का मुद्दा आपको सत्ता तक ले जाता है, यानि राजनीति में स्त्री सत्ता के लिए एक सीढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं है। जैसे बाजार में स्त्री को एक सामान की तरह बिकने के लिए मजबूर किया जाता हैं वैसे ही राजनीति में भी स्त्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। वे स्त्रियां अपवाद हैं जो पुरुष प्रधान और मनुवादी समाज में भी राजनीति में शीर्ष पर पहुंचीं और उन्होंने पुरुषों को उनकी औकात दिखाई, बाकी तो केवल दही शक्कर खिलाने के काम आने वाली स्त्रियां होती हैं। राजनीति में इंदिरा गाँधी कम ही जन्म लेती हैं। हमारे समाज में स्त्री आज भी एक गाली है और सबसे पहले इस्तेमाल की जाती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**जब आप शुद्ध विचारों को सोचते हैं और मानसिक रूप से शक्तिशाली होते हैं, तब आप खराब कर्मों के पीड़ादायक प्रभावों से दुखी नहीं हो सकते।**

# विपत्ति के समय शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप कर्म से ऊपर उठना चाहते हैं, तो इन तीन सत्यों को अनुभव करने का प्रयास करें (1) जब मन शक्तिशाली हो और हृदय शुद्ध हो, तो आप मुक्त हैं। यह मन ही है जो आपको शरीर की पीड़ा से जोड़ता है। जब आप शुद्ध विचारों को सोचते हैं और मानसिक रूप से शक्तिशाली होते हैं, तब आप बुरे कर्मों के पीड़ादायक प्रभावों से दुखी नहीं हो सकते। इसे मैंने बहुत प्रसन्नतादायक पाया है। (2) अवचेतन निद्रा में, आप मुक्त हैं। (3) जब आप समाधि में ईश्वर के साथ एक होते हैं, तो आपका कोई कर्म नहीं होता। इसीलिए सन्तजन कहते हैं, निरन्तर प्रार्थना करो। जब आप निरन्तर प्रार्थना एवं ध्यान करते हैं, तब आप अधिचेतना के क्षेत्र में चले जाते हैं, जहाँ कोई भी कष्ट आप तक नहीं पहुँच सकते। आप इन विधियों द्वारा इसी समय, कर्मों से मुक्त हो सकते हैं। जब भी कार्मिक कष्ट आपको पीड़ा दें, तो सो जाएँ या शुद्ध विचार सोचें और मन को इस्पात की तरह बनाएँ, स्वयं से कहें: मैं इन सबसे ऊपर हूँ। या, सर्वोत्तम यह होगा कि गहन ध्यान में अधिचेतना की दिव्य अवस्था में चले जाएँ। उस चेतना का परमानन्द आपकी आत्मा की स्वाभाविक अवस्था है, परन्तु शरीर के साथ इतने लम्बे समय से एकात्म होकर आप अपनी वास्तविक प्रकृति को भूल गए हैं। आत्मा की उस दुःख रहित परमानन्दमयी अवस्था को पुनः प्राप्त करना ही होगा। आत्मा की प्रकृति (व्यक्तिगत ब्रह्म के रूप में) परमानन्द हैः आनन्द की चिरस्थायी, नित्य-नवीन एवं नित्य परिवर्तनशील आन्तरिक अवस्था। **(क्रमशः)**

प्रकृति की बात

# पेड़ों की रक्षा के प्रबल पक्षधर थे कौटिल्य



दिनेश चंद्र वर्मा

वृक्षों की सुरक्षा के प्रति हम आज जिस चिंता और जागरूकता का परिचय दे रहे हैं, कौटिल्य ने यह चिंता सैकड़ों वर्ष पूर्व व्यक्त की थी तथा अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि जो व्यक्ति विपत्ति के समय के अतिरिक्त यदि साधारण दशा में वृक्ष समूहों (वनों) को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाये तो उससे न केवल क्षतिपूर्ति कराई जाये, बल्कि उसे दण्डित भी किया जाये। वस्तुतः मौर्य युग में वृक्ष (पेड़ों), वनों एवं वन्यप्राणियों का बड़ा महत्व था। सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से उन्हें बहुत उपयोगी माना जाता था। वनों की रक्षा एवं वृद्धि का विभाग एक पृथक अमात्य के आधीन रहता था। इस अमात्य को 'कुप्याध्यक्ष' कहा जाता था। इसके अधीन द्रव्यपाल तथा वन पाल आदि कर्मचारी होते थे। ये कर्मचारी वनों से विभिन्न पदार्थों को संग्रहित करते थे तथा काष्ठ से विविध सामग्री बनाने हेतु (कर्मान्तों) कारखानों का संचालन करते थे। कौटिल्य ने इमारती लकड़ी के समुचित उपयोग के लिए किस लकड़ी से क्या वस्तु बनाई जानी चाहिए, इसका भी उल्लेख किया है। उनके अनुसार सागौन, तिनिश, धन्वन, अर्जुन, मधूक, तिलक, साल, शिशुप, अरिमेद, राजादन, शिरीष, खदिर (खैर), सरल, तालगर्ज, अश्वकर्ण, सोमवल्क, कशाम्र, प्रियक, धव, सारादारु, आदि वृक्षों की काष्ठद ठोस, मजबूत और कठोर होती है। इस काष्ठ का प्रयोग मकान बनाने में किया जाना चाहिए। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में बांसों, लताओं, रेशेदार वृक्षों, विभिन्न घांसों,पत्तो, फूलों,औषध- पादपों, जहरीले पौधों, विषैले जंतुओं, जंगली पक्षियों,इनकी हड्डियां और चमड़े, दांत,सींग, खुर, आदि का उल्लेख किया है तथा इनके उपयोग तक बताये हैं। कौटिल्य ने मनुष्यों की आजीविका तथा नगरों की रक्षा के लिए भी वनों को महत्वपूर्ण बताया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राष्ट्रपति मुर्मू ने अंतरिक्ष प्रदर्शनी का किया अवलोकन

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के एक साल पूरे होने का प्रतीक है। अब भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना गगनयान की पहली रोबोट-मानव परीक्षण उड़ान इस साल दिसंबर में होने वाली है। गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजकर मानव अंतरिक्ष यान क्षमता का प्रदर्शन करने और उन्हें भारतीय समुद्र में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की परिकल्पना की गई है। प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की वर्षगांठ है। इस साल की थीम 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा' है। प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। इसरो के यू-ट्यूब चैनल के साथ-साथ डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को देखा जा सकता है। बच्चों को शिक्षित करने और अंतरिक्ष के बारे में प्रोत्साहित करने के लिए देशभर के स्कूलों में शैक्षिक कार्यक्रम होंगे। यह दिवस भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का उत्सव है। देश के अंतरिक्ष अन्वेषण इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ है। इस उत्सव का उद्देश्य भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना, अंतरिक्ष अनुसंधान के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना और इसरो के योगदान का सम्मान करना है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभी को दी बधाई



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सभी देशवासियों को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा है, ''प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभी को बधाई। हम अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों को बड़े गर्व के साथ याद करते हैं। यह हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिन है। हमारी सरकार ने इस क्षेत्र से संबंधित कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं और आने वाले समय में हम और भी निर्णय लेंगे।'' उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के एक साल पूरे होने का प्रतीक है। अब भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना गगनयान की पहली रोबोट-मानव परीक्षण उड़ान इस साल दिसंबर में होने वाली है।

# पृथ्वी-2 मिसाइल फिर बेजोड़ साबित रात्रि परीक्षण में साधा सटीक निशाना

एजेंसी। नई दिल्ली



- सतह से सतह पर 350 किमी. रेंज की मिसाइल में ईंधन वाले दो इंजन लगाए गए हैं

भारत ने ओडिशा तट के पास एक रक्षा सुविधा से गुरुवार परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 का रात्रि परीक्षण किया। डीआरडीओ में विकसित यह मिसाइल 350 किलोमीटर की दूरी तक सटीक मार करने में सक्षम है। पृथ्वी-2 मिसाइल ने सफल परीक्षण में उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार पृथ्वी-2 मिसाइल का रात्रि परीक्षण प्रक्षेपण एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर, ओडिशा से शाम को लगभग 07.46 बजे किया गया। परमाणु संपन्न कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने सफल परीक्षण में उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी तय परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। मिसाइल का परीक्षण एक नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली बेहद कामयाब मानी जाती है और बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। रात्रि प्रक्षेपण में मिसाइल सभी परिचालन और तकनीकी मानकों पर खरी साबित हुई । अधिकारियों ने कहा कि यह अत्याधुनिक मिसाइल अपने लक्ष्य को भेदने के लिए उन्नत जड़त्वीय मार्गदर्शन प्रणाली का उपयोग करती है।

# लगातार तीसरी बार देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने योगी



एजेंसी। लखनऊ

- 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी को मिला 33 फीसदी से अधिक लोगों का समर्थन
- पांचवें नंबर पर चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभरे हैं। प्रतिष्ठित मीडिया समूह के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी को नंबर वन सीएम के तौर पर जनता ने चुना है। देशभर में 1.36 लाख से अधिक लोगों के बीच हुए सर्वे में 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी को बेस्ट चीफ मिनिस्टर माना है। योगी इस सर्वे में लगातार तीसरी बार देश के बेस्ट चीफ मिनिस्टर चुने गये हैं। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, तमिलनाडु के एमके स्टालिन और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री योगी से बहुत पीछे हैं।

'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में देश के 30 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की जनता से सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के बारे में पूछे गये सवालों में आदित्यनाथ को सर्वाधिक मत मिले हैं। जनता से पूछा गया कि वो किसे सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री मानते हैं, इसपर 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नाम पर अपनी मुहर लगाई। इस सर्वे में केजरीवाल को मात्र 13.8 प्रतिशत लोगों ने लोकप्रिय माना है, जबकि ममता बनर्जी चीफ मिनिस्टर लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें 9.1 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया। वहीं चौथे नंबर पर एमके स्टालिन हैं, जिन्हें 4.7 प्रतिशत मत मिला। इसी तरह पांचवें नंबर पर चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया। इस लिस्ट में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, कर्नाटक के सिद्दारमैया, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी कुछ हद तक समर्थन मिला है।

### मिशन मोड में काम

गौरतलब है कि आदित्यनाथ ने बीते साढ़े सात साल में कानून-व्यवस्था से लेकर रोड कनेक्टिविटी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मिशन मोड में कार्य किया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने में जुटे योगी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करके नया कीर्तिमान रचा है। इसके अलावा दो करोड़ युवाओं को रोजगार और साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देकर भी आदित्यनाथ ने अपनी लोकप्रियता में इजाफा किया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया जदयू के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का कार्य विभाजन

एजेंसी। पटना



जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का कार्य विभाजन किया है। नीतीश कुमार ने विभिन्न राज्यों और प्रकोष्ठ के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। नई कार्य विभाजन के अनुसार नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संजय कुमार झा कार्यकारी अध्यक्ष, वशिष्ठ नारायण सिंह उपाध्यक्ष, केसी त्यागी राजनीतिक सलाहकार/ प्रवक्ता और आलोक कुमार सुमन कोषाध्यक्ष बने रहेगे। पार्टी ने मनीष कुमार वर्मा को उड़ीसा और कर्नाटक, आफाक अहमद खान को मुख्यालय, केरल, लक्षद्वीप और जम्मू-कश्मीर, भगवान सिंह कुशवाहा को दिल्ली, राम सेवक सिंह को महाराष्ट्र, कहकशां परवीन को पश्चिम बंगाल और तेलंगाना, कपिल हरिश्चंद्र पाटिल को गुजरात और गोवा, राज सिंह मान को हरियाणा और सुनील कुमार उर्फ ई० सुनील को छत्तीसगढ़ का महासचिव बनाया गया। इसके अलावा विनोद प्रसाद यादव को राजस्थान, विद्यासागर निषाद को मध्य प्रदेश, राजीव रंजन प्रसाद को असम, दयानंद राय को उत्तराखंड, संजय कुमार को पंजाब और मोहम्मद निसार को मुख्यालय, तमिलनाडु और पुडुचेरी का सचिव बनाया गया है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार को उत्तर प्रदेश, मंत्री अशोक चौधरी को झारखंड, सांसद रामप्रीत मंडल को उत्तर-पूर्वी की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। पार्टी का यह विस्तार कई मायने में अहम है। पार्टी की कमान अपने हाथ में लेने के बाद नीतीश कुमार इस कोशिश में हैं कि जदयू को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाया जाए। इसी को देखते हुए उन्होंने अलग-अलग राज्यों पर फोकस किया है। पिछले दिनों ही नीतीश कुमार की पार्टी ने झारखंड में एनडीए के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

## नालंदा में डायरिया से दो बच्चियों की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के दीपनगर थानाक्षेत्र काको विगहा गांव में शुक्रवार की सुबह डायरिया से दो बच्चियों की मौत हो गयी जबकि एक बच्ची गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। मृत बच्चियों की पहचान काको विगहा गांव निवासी शशिरंजन पांडेय की पांच वर्षीय परी कुमारी और सात वर्षीय परिनीधी कुमारी के रूप में की गयी है। ईलाजरत बच्ची काजल कुमारी बताई जाती है।जिले के नुरसराय प्रखंड में सात लोग हरनौत प्रखंड क्षेत्र में दर्जनो लोग डायरिया से पीड़ित हैं। मेडिकल टीम गांव में कैंप लगाकर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रही है।

# बिहार पुलिस के सेवारत कर्मियों को दुर्घटना पर 2.30 करोड़ तक की सहायता

एजेंसी। पटना

- विशेष सैलरी पैकेज में बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है

बिहार पुलिस के सेवारत कर्मियों को अब दुर्घटना पर 2.30 करोड़ रुपये तक की सहायता मिलेगी। पहले जहां व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर 5 से 20 लाख तक था, जो इस साल जुलाई में बढ़कर 50 लाख तक हुआ था उसे इस विशेष सैलरी पैकेज में बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है। साथ ही कई अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे हैं। सब मिलाकर 2.30 करोड़ तक मिलने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त, हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर 1.5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कवर भी प्रदान किया जाएगा। इस बाबत पत्रकार वार्ता में एआईजी वेलफेयर विशाल शर्मा ,उपेन्द्र प्रसाद (पुलिस अधीक्षक, कार्मिक 1), शशि शेखर पुलिस अधीक्षक कार्मिक दो ने बताया कि समझौते को अंतिम रूप देने के लिए एक व्यापक सलाहकारी प्रक्रिया अपनाई गयी, जिसमें बिहार पुलिस के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों, बिहार पुलिस एसोसिएशन और बिहार पुलिस मेन्स एसोसिएशन के सदस्यों से परामर्श किया गया। इस सैलरी पैकेज के माध्यम से न केवल सेवारत पुलिस कर्मी, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मी और उनके परिवारजन भी लाभान्वित होंगे। पहले जहां व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर 5 से 20 लाख तक था, जो कि इस साल जुलाई में बढ़कर 50 लाख तक हुआ था उसे इस विशेष सैलरी पैकेज में बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है और कई अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे है, जो सब मिलाकर लगभग 2.30 करोड़ तक मिलने की सम्भावना है।

# आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की।

## केदार घाटी में मलबे में दबने से हुई चार लोगों की मौत

**गुप्तकाशी।** गुरुवार-शुक्रवार की आधी रात को केदार घाटी से एक बार फिर तीर्थयात्रियों और उनके सहायकों पर भारी साबित हुई। केदार घाटी में गुरूवार सुबह से ही रुक रुक कर भारी बरसात हो रही थी। ऐसे में आधी रात करीब 1 बजकर 20 मिनट पर फाटा हैलीपैड के निकट 4 लोगों के अचानक मलबे में दब जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जिला आपदा प्रबंधन बल की टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया। सुबह होते होते तक चारों लोगों की दुःखद मौत की सूचना मिली। इनकी पहचान तुल बहादुर, पूरना, किशना परिहार एवं दीपक के रूप में हुई है। चारों मृतकों के शवों को रुद्रप्रयाग लाया गया है।

# बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत : शिवराज

एजेंसी। पटना




केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां शुक्रवार को कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत है। इस टैलेंट का ठीक से उपयोग कर न केवल बिहार भारत का सिरमौर बन सकता है बल्कि इसका उपयोग कर भारत को दुनिया का सिरमौर भी बना सकता है। पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ परिचर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे किसानों की सेवा का काम मुझे दिया है। किसानों की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है।

किसानों को भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि हम देश के किसानों का कल्याण कर सकें। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यहां का मखाना, चावल, शहद, मक्का, चाय सब अद्भुत है। उन्होंने कहा कि बड़े जमीन के टुकड़े हमारे पास नहीं हैं, 91 प्रतिशत सीमांत किसान हैं, लेकिन फिर भी किसान चमत्कार कर रहे हैं। खेती से आय दोगुनी करने का अभियान प्रधानमंत्री मोदी जी ने शुरू किया है।

चौहान ने छह सूत्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इसी पर सरकार काम कर रही है। अच्छे उत्पादन के लिए अच्छे बीज जरूरी हैं। उत्पादन अच्छा है लेकिन और संभावना है। फल, सब्जी, अनाज, दलहन, तिलहन के अच्छे बीज जरूरी हैं।


उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज प्रधानमंत्री जी ने किसानों को समर्पित किये हैं। ऐसी धान की किस्म है, जिसमें 30 प्रतिशत कम पानी लगता है। बाजरे की एक किस्म है जिसकी फसल 70 दिन में आ जाती है। ऐसे बीज हैं जो जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हैं। बढ़ते तापमान में भी अच्छा उत्पादन देते हैं।

# मायावती ने एससी-एसटी आरक्षण को लेकर केंद्र को घेरा



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण एवं क्रीमीलेयर के मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। मायावती ने इसको लेकर कांग्रेस और सपा की चुप्पी पर भी सवाल उठाया है। मायावती ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 01 अगस्त को एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण और क्रीमीलेयर को लेकर नया नियम लागू किया है। इस निर्णय के विरुद्ध जन अपेक्षाओं के अनुसार पुरानी व्यवस्था बहाल रखने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना चिंताजनक है। इसको लेकर 21 अगस्त को भारत बंद किया गया, बावजूद अगर केंद्र सरकार इसमें जरूरी सुधार के लिए गंभीर नहीं है तो यह सोचने वाली बात है। पहले कोर्ट में लचर पैरवी और अब उसको लेकर संविधान संशोधन विधेयक नहीं लाने से यह साबित होता है कि भाजपा का एससी-एसटी आरक्षण को लेकर पुराना रवैया बरकरार है।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में 5 सितंबर को होगी सुनवाई



**सुल्तानपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुल्तानपुर के एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई अब 5 सितंबर को होगी। वादी पक्ष की तरफ से तबीयत खराब होने के कारण मुकदमे को स्थगित करने के लिए शुक्रवार को प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 5 सितंबर की अगली तारीख सुनवाई के लिए दी है। गौरतलब है कि 26 जुलाई को राहुल गांधी ने सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आकर अपना बयान दर्ज कराया था। यह मामला कर्नाटक चुनाव के दौरान 2018 का है, जब राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से आहत होकर अगस्त 2018 में जिले के भाजपा नेता और पूर्व सहकारी चेयरमैन विजय मिश्रा ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

# मखाना से संबंधित कार्यालय बिहार लाने का प्रयास करूंगा : शिवराज

एजेंसी। पटना (बिहार)



- 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज बिहार में भी उपलब्ध कराने की होगी कोशिश

राजधानी पटना स्थित कृषि भवन में किसानों के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि बिहार का मखाना, चावल, शहद, मक्का, चाय सब कुछ अद्भुत है। यहां का मखाना धूम मचा रहा है। मखाना एक्सपोर्ट क्वालिटी का पैदा हो रहा है। इससे जुड़ा कार्यालय बिहार में आये, इसके लिए मैं प्रयास करूंगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि बड़े जमीन के टुकड़े हमारे पास नहीं हैं, 91 प्रतिशत सीमांत किसान हैं लेकिन फिर भी किसान चमत्कार कर रहे हैं। खेती में आय दोगुना करने का अभियान प्रधानमंत्री ने शुरू किया है। छह सूत्र हमारे हैं, किसानों के लिए जिन पर हम काम कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाना, इसके लिए जरूरी है अच्छे बीज। उत्पादन अच्छा है लेकिन और संभावना है। फल, सब्जी, अनाज, दलहन, तिलहन के अच्छे बीज जरूरी हैं। मुझे खुशी है कि 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज प्रधानमंत्री ने समर्पित किये हैं। ऐसी धान की किस्म है, जिसमें 30 प्रतिशत कम पानी लगता है। बाजरे की एक किस्म है, जिसकी फसल 70 दिन में आ जाती है। ऐसे बीज हैं जो जलवायु के अनुकूल हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि बढ़ते तापमान में भी अच्छा उत्पादन देते हैं। मैं आईसीएआर में बात करूंगा, जिससे यहां किसानों को बीज की उपलब्धता हो जाए। उत्पादन की लागत घटाना हमारा दूसरा संकल्प है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को बहुत मदद मिलती है। केसीसी से खाद के लिए सस्ता लोन मिल जाता है। तीसरी चीज है उत्पादन के ठीक दाम मिल जाएं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती का मिशन शुरू हो रहा है। इससे उत्पादन घटेगा नहीं, बढ़ेगा। मैं अगली बार पूरा समय लेकर आऊंगा। इसके बाद हम खेतों में ही कार्यक्रम करेंगे, प्रैक्टिकल प्रॉबलम भी देखेंगे। किसान के बिना दुनिया नहीं चल सकती है। बाकी चीजें तो फैक्टरी में बन जाएंगी लेकिन गेहूं-चावल कहां से लाओगे? हम सब मिलकर काम करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट के आग्रह के बावजूद प. बंगाल के डॉक्टरों का हड़ताल खत्म नहीं करने का ऐलान

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट के अनुरोध के बाद पश्चिम बंगाल को छोड़कर देशभर के अस्पतालों में डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म करने के संकेत दिए हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में आंदोलन कर रहे डॉक्टरों स्पष्ट कर दिया कि वे फिलहाल काम पर वापस नहीं लौटेंगे और हड़ताल जारी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल मामले की सुनवाई के बाद पूरे देश के हड़ताली डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल के हड़ताली डॉक्टरों ने कहा कि जब तक सभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती, हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी।

गुरुवार रात को हुई जनरल बॉडी की बैठक के बाद हड़ताली डॉक्टरों ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को सीबीआई कार्यालय जाकर जांच की प्रगति के बारे में जानकारी लेने के बाद हड़ताल के बारे में अगला कदम तय किया जाएगा। कोलकाता में आंदोलनकारी डॉक्टरों की कई मांगें मानी गई हैं। आरजी कर के शीर्ष अधिकारियों को हटाने की मांग की गई थी, जिसे बुधवार रात को पूरा कर दिया गया। स्वास्थ्य भवन ने प्रिंसिपल, पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख, सुपरिंटेंडेंट और सहायक सुपरिंटेंडेंट को हटा दिया।

## रॉड्रिग्स के लिए टी20 विश्व कप तैयारियों का हिस्सा है डब्लूसीपीएल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हंड्रेड और डब्लूबीबीएल का हिस्सा रह चुकीं जेमिमाह रॉड्रिग्स पहली बार महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्लूसीपीएल ) खेलने जा रही हैं। वह इस टूर्नामेंट को टी20 विश्व कप के तैयारियों के लिए एक अहम हिस्सा मानती हैं। बुधवार से शुरू हुए डब्लूसीपीएल में वह हमवतन शिखा पांडे के साथ ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हुए मीडिया बातचीत में रॉड्रिग्स ने कहा, "टी 20 विश्व कप से पहले मेरे पास यही कुछ मैच हैं। कुछ नई चीज़ें हैं, जिनका मैं लगातार अभ्यास कर रही थी और यहां मैं उन्हें आज़माने वाली हूं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट मुझे हमेशा उत्साहित करती है। अक्टूबर में दुबई में होने वाला टी20 विश्व कप रॉड्रिग्स का चौथा टी20 विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, "मुझे यात्रा करना और अलग-अलग टीमों के लिए खेलना पसंद है। मुझे नए लोगों से मिलना और नए क्रिकेटरों को जानना अच्छा लगता है। मुझे यह जानना अच्छा लगता है कि वे अलग-अलग परिस्थितियों में अपने शरीर और दिमाग़ को कैसे ढालती हैं और कैसे खेलती हैं। आप जब भी क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरते हो, परिस्थितियां बदली रहती हैं। दबाव के क्षणों में ये तैयारियां बहुत काम आती हैं। मैं इस टूर्नामेंट को विश्व कप की तैयारियों की तरह देख रही हूं। इसके साथ ही यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में मदद भी करूं। कुल मिलाकर मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

रॉड्रिग्स फ़िलहाल भारत के लिए टी20 मैचों में नंबर पांच पर खेलती हैं, लेकिन डब्लूसीपीएल में वह नंबर तीन पर खेलती हुई दिखेंगी। क्या यह चुनौतीपूर्ण होगा? रॉड्रिग्स ने कहा, "मुझे लगता है कि हर बल्लेबाज का अपना एक अलग फार्मूला होता है। मेरे लिए परिस्थितियों को जल्दी से पढ़ना और उनके अनुसार शॉट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है। यहां पिच धीमी होंगी, तो मुझे उसके अनुसार बल्लेबाजी करनी होगी। मैं इन चीज़ों को लेकर हमेशा से स्पष्ट रहना चाहती हूं ताकि मेरे दिमाग़ में भी एक स्पष्टता रहे।



> ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया।

# नीरज... फिर 90 से नीचे

## फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

एजेंसी

**लुसाने।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहते हुये रजत पर कब्जा जमाया। ओलंपिक में बाद नीरज एक बार फिर 90 मीटर थ्रो का बेंच मार्क प्राप्त नहीं कर पाये इससे भारतीय प्रशंसक थोड़ा निराश दिखे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। यह चोपड़ा का इस सीज़न का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था। इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता।

पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक। पेरिस में, चोपड़ा ने 89.45 मीटर तक भाला फेंका, जो 87.58 मीटर में स्पष्ट सुधार था जिसने उन्हें टोक्यो में स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ, जो उनके अच्छे दोस्त हैं । नदीम ने 92.97 मीटर के विशाल थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया।

## सतपाल, सुशील कुमार, रवि दहिया और अमन 'मेरे लिए प्रेरणा के स्रोत' हैं: रौनक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** युवा पहलवान रौनक दहिया जॉर्डन के अम्मान में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ग्रीको-रोमन 110 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल करने के बाद शुक्रवार को प्रसिद्ध छत्रसाल अखाड़े में लौट आए। वरिष्ठ पहलवानों की एक लंबी कतार से प्रशिक्षित और प्रेरित, रौनक ने आईएएनएस से बात की और बताया कि कैसे 'महाबली' सतपाल सिंह, सुशील कुमार, रवि दहिया और अब अमन सहरावत जैसे महान खिलाड़ियों से घिरे रहने ने उन्हें इस दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। रौनक ने आईएएनएस से कहा, "सतपाल सर, सुशील, रवि, अमन मेरी प्रेरणा के स्रोत हैं और अगर भगवान ने इजाजत दी तो मुझे भी पदक मिलेगा और उम्मीद है कि मैं अपने छोटे भाइयों के लिए प्रेरणा बन सकता हूं और यही उन्हें आगे बढ़ाएगा। छत्रसाल अखाड़े की ओलंपिक पदक विजेता पहलवानों को प्रशिक्षित करने में प्रसिद्ध कुश्ती कोच सतपाल सिंह के संरक्षण में एक शानदार प्रतिष्ठा है। अखाड़े के एथलीटों ने कुल छह पदक जीते हैं, जिसमें सुशील कुमार ने दो बार सम्मान जीता है और अमन, रवि दहिया, बजरंग पुनिया और योगेश्वर दत्त सभी ने एक-एक पदक जीता है। रौनक ने अपने कांस्य पदक जीतने के अभियान की शुरुआत अर्तुर मनवेलियन पर 8-1 की जीत के साथ की और उसके बाद डेनियल मसलाकोउ पर शानदार तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत हासिल की।



## बोर्ड और टी 20 फ्रेंचाइजी विवाद सुलझाएं : साउदी

एजेंसी

**मुंबई।** न्यूज़ीलैंड के कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए केंद्रीय अनुबंध से खुद को बाहर रख रहे हैं। इस संदर्भ में न्यूज़ीलैंड के टेस्ट कप्तान टिम साउदी को यह उम्मीद है कि क्रिकेट बोर्ड और टी 20 फ्रेंचाइजी 'क्लब बनाम देश' के विवाद को सुलझाने के लिए एक साथ आएंगे। साउदी चाहते हैं कि क्रिकेट बोर्ड और फ्रैंचाइज़ी इस मसले पर एक साथ मिल कर काम करें ताकि खिलाड़ियों के लिए यह आसान हो सके कि उन्हें इन दोनों विकल्पों में से किसका चयन करना है। न्यूज़ीलैंड फ़िलहाल उन देशों में से है, जिसके सबसे ज़्यादा खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए केंद्रीय अनुबंध को ठुकरा रहे हैं। इसमें केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। फ़िन एलन भी बीबीएल में पर्थ स्कोर्चर्स की टीम में दो साल के लिए शामिल होने वाले हैं। इस सूची में डेवन कॉन्वे का भी नाम है, लेकिन उन्होंने अस्थायी अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। इसका मतलब है कि वह आगामी सीज़न में खेले जाने वाले सभी नौ टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध होंगे और जनवरी में सफेद़ गेंद के मैचों को छोड़कर एसए20 टूर्नामेंट में खेलेंगे। विलियमसन भी यही करने वाले हैं।



## बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का नाम हत्या केस में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश के सीनियर क्रिकेटर शाकिब अल हसन का नाम एक हत्या केस की एफआईआर में 156 लोगों के साथ दर्ज किया गया है। ढाका के अडाबर इलाके का यह केस इस महीने की शुरुआत में छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह एफआईआर 22 अगस्त को रुबेल के पिता रफीकुल इस्लाम द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिसमें 154 स्थानीय अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के नाम हैं, जिन्हें उनके बेटे की 7 अगस्त को हुई मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इसमें शाकिब और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना का नाम भी शामिल है, जो बाद में भारत चली गईं। रिपोर्ट में कहा गया, "इसके अलावा, 400-500 अज्ञात लोगों को भी इस केस में आरोपी बनाया गया है। केस के मुताबिक, रुबेल 5 अगस्त को सरकारी नौकरियों में आरक्षण सुधार की मांग कर रहे छात्र आंदोलन के शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल हुआ था। हसीना और अन्य आरोपियों के आदेश पर, अज्ञात लोगों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर गोली चला दी। इस घटना में रुबेल के सीने में दो गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। चार्जशीट के अनुसार, शाकिब को इस एफआईआर में आरोपी नंबर 28 के रूप में दर्ज किया गया है।



### प्रसिद्धि को खुद पर हावी नहीं होने दूंगा : अमन

**नई दिल्ली।** अमन सहरावत ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत के लिए एकमात्र पदक जीता जब उन्होंने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। 21 वर्षीय यह खिलाड़ी 11 साल की उम्र से प्रसिद्ध छत्रसाल अखाड़े में है और उसकी नजरें हमेशा ओलंपिक पदक पर टिकी थीं। छत्रसाल अखाड़े में अमन के कमरे की दीवारों पर 'ओलंपिक गोल्ड' और 'अगर यह आसान होता, तो हर कोई इसे करता' शब्द लिखे हुए हैं और खेलों में भारत के सबसे कम उम्र के पदक विजेता कांस्य पदक से संतुष्ट नहीं हैं जो वह पहले ही जीत चुके हैं।

### राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का दूसरा दिन

## अंडर 17 बालिका वर्ग : रांची ने खूंटी और सिमडेगा ने हजारीबाग को किया पराजित

- अंडर 15 बालक वर्ग मुकाबले में हजारीबाग और सिमडेगा का शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले के सेमीफइनल में रांची ने खूंटी को 5-0 से और सिमडेगा ने हजारीबाग को 07-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। खेल का आयोजन मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम और बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया है। शुक्रवार को हुए अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में खूंटी बनाम गढ़वा के बीच हुए मुकाबले में खूंटी ने गढ़वा को 10-0 से पराजित कर दिया। सिमडेगा बनाम गुमला के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में सिमडेगा ने गुमला को 1-0 से हरा दिया। रांची बनाम बोकारो के बीच हुए मुकाबले में रांची ने बोकारो को 13-0 के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। हजारीबाग बनाम गिरिडीह के बीच हुए मुकाबले में हजारीबाग ने गिरिडीह को 8-0 से पराजित कर दिया। अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले का फाइनल मैच रांची बनाम सिमडेगा के बीच 24 अगस्त को खेला जायेगा।





# सरकार को उम्मीद, बेहतर मानसून से खाद्य मुद्रास्फीति में आएगी और कमी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी मासिक समीक्षा के अनुसार, जुलाई में भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का दबाव कम हुआ और इस साल बेहतर मानसून के कारण कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ खाद्य मुद्रास्फीति में और कमी आने की उम्मीद है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून 2024 में 5.1 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट थी। समीक्षा में कहा गया है कि जून 2024 में यह 9.4 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 5.4 प्रतिशत हो गई। खाद्य मुद्रास्फीति में आई पर्याप्त गिरावट को मुख्य रूप से सब्जी मुद्रास्फीति में जून 2024 के 29.3 प्रतिशत से जुलाई 2024 में 6.8 प्रतिशत तक की गिरावट और 'तेल और वसा' तथा मसालों में हल्के डीफ्लेशन से मदद मिली। दूसरी ओर, कोर मुद्रास्फीति (जिसमें खाद्य और ईंधन शामिल नहीं है) जुलाई 2024 में 3.3 प्रतिशत के मध्यम स्तर पर थी। समीक्षा के अनुसार, कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2025 के पहले चार महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 4.6 प्रतिशत हो गई, जबकि वित्त वर्ष 24 (अप्रैल-जुलाई) में यह 5.3 प्रतिशत थी।

मध्यम कोर मुद्रास्फीति और मानसून में सकारात्मक प्रगति के साथ, हेडलाइन मुद्रास्फीति का नजरिया सकारात्मक है। अगर मानसून सामान्य रहा तो वित्त वर्ष 2025 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति आरबीआई द्वारा 4.5 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की लगातार प्रगति ने कृषि गतिविधियों को समर्थन दिया है। 19 अगस्त, 2024 तक कुल दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा लंबी अवधि के औसत से 3 प्रतिशत अधिक थी। इसके अलावा, लोकल डिस्ट्रीब्यूशन में सुधार हुआ है, 84 प्रतिशत उपखंडों में सामान्य या अधिक वर्षा हुई है। इससे खरीफ की अच्छी बुआई संभव हो सकी है। 16 अगस्त तक, कुल खाद्यान्न के तहत वास्तविक बुआई क्षेत्र पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.8 प्रतिशत अधिक था, जबकि अनाज और दालों में प्रगति पिछले वर्ष की तुलना में 4.6 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत अधिक थी।

### टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग से पैदा होंगी एंट्री लेवल की ज्यादा नौकरियां

**नई दिल्ली।** प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत स्थानीय टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग पर जोर देने से एंट्री लेवल की नौकरियों के अधिक अवसर पैदा होंगे और इससे अधिक कुशल मानव संसाधन बनाने में सफलता मिलेगी। टेलीकॉम सेक्टर के लिए उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनियों से बातचीत करते हुए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी और सहयोगात्मक नीतिगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान तय समय में समस्याओं को सुलझाने और साथ ही इंडस्ट्री-फ्रेंडली प्रोसेस बनाने पर है। यह मीटिंग टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनियों के साथ हाल ही में बनाई गई स्टेकहोल्डर एडवाइजरी कमेटी (एसएसी) का हिस्सा थी।

## मुंबई में तेजी से बढ़ रहे प्राइम प्रॉपर्टियों के दाम, दुनिया में मिली दूसरी रैंक

एजेंसी



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की प्राइम प्रॉपर्टियों की कीमत में अप्रैल-जून 2024 की अवधि में दुनिया में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि रिहायशी प्रॉपर्टियों की मांग में बढ़ोतरी होने के कारण मुंबई में प्राइम प्रॉपर्टी की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है। नाइट फ्रैंक की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया है कि मुंबई में प्राइम रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमत में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जिसके कारण 'प्राइस ग्लोबल सिटीज इंडेक्स' में यह दूसरे नंबर पर आ गया है, जो 2023 में समान अवधि में यह छठे नंबर पर था। नाइट फ्रैंक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन शिशिर बैजल ने कहा कि प्रीमियम सेगमेंट में तेजी भारतीय बाजार में बिक्री बढ़ने की अहम वजह है। यह 2024 की दूसरी तिमाही में देखने को मिला है। आय बढ़ने और लाइफस्टाइल में बदलाव आने के कारण देश में प्राइम रेजिडेंशियल मार्केट तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स' में दुनियाभर के 44 शहरों की प्राइम रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमतों को ट्रैक किया जाता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 की दूसरी तिमाही में इन 44 शहरों में औसत कीमतों में बढ़ोतरी 2.6 प्रतिशत की थी, जो कि 2024 की पहली तिमाही में 4.1 प्रतिशत थी। यह लंबी अवधि के औसत 5.3 प्रतिशत से कम है। दूसरी तिमाही में मनीला 26 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप पर रहा है।

## ईवी इकोसिस्टम के विकास और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम एवं स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने और स्थिर विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय भारी उद्योग और स्टील मंत्री एचडी कुमारस्वामी की ओर से यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए एक पोस्ट-बजट वेबिनार में कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। साथ ही 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार पीएलआई, फेम, ईएमपीएस और एडवांस कैपिटल गुड्स स्कीम के जरिए भारत के ईवी इकोसिस्टम के विकास और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग और स्थिर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इससे देश की आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने की गति और तेज होगी।

## अयोग्य पायलट्स के साथ विमान संचालन, एयर इंडिया पर जुर्माना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नागरिक विमान सेवाओं का नियमन करने वाली सरकारी एजेंसी डीजीसीए ने टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया पर अयोग्य क्रू मेंबर्स के साथ विमान का संचालन करने के लिए 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकारी एजेंसी द्वारा आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। इसके अलावा एयर इंडिया के डायरेक्टर ऑपरेशन पर 6 लाख रुपये और डायरेक्टर ट्रेनिंग पर 3 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए संबंधित पायलट को भी चेतावनी दी गई है।

एयर इंडिया की ओर से एक विमान का संचालन किया गया था, जिसमें नॉन-ट्रेनर लाइन कैप्टन को नॉन-लाइन-रिलीज फर्स्ट ऑफिसर के साथ नियुक्त किया था। डीजीसीए ने इसे महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रभाव वाली एक गंभीर शेड्यूलिंग घटना के रूप में देखा। एयर इंडिया की ओर से 10 जुलाई को डीजीसीए दी गई एक रिपोर्ट के बाद इसका खुलासा हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीसीए ने एयर इंडिया के ऑपरेशन और एयरलाइन के शेड्यूलिंग के दस्तावेजों की जांच की।

### झामुमो ने झारखंडी अधिकार मार्च निकाला

# केन्द्र की सरकार झारखंडियों के अधिकार को छीनने में लगी है: राजेन्द्र सिन्हा




**पैदल मार्च यात्रा में नेता व कार्यकर्ता रहे शामिल**

अधिकार मार्च में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष कमल खान राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी , रंजन चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, विवेक सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत जैसवाल, वरीय नेता अविनाश देव, दीपक तिवारी, हाजी ललन साहब, अखिलेश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ,सचिव आशुतोष विनायक कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज कन्हैया दुबे, रणजीत तिवारी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजैल अहमद कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा अल्पसंखयक नगर अध्यक्ष सोनम राइन, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, महिला मोर्चा नेत्री रजिया नियाजी, कांति चंद्रवंशी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, शोरभ पाठक सदर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय तिवारी रणधीर पासवान, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष नावलेश मेहता, ऋषि राज, प्रिंस कुमार गोलू कुमार,सूरज कुमार, आकाश कुमार, रहांश कुमार, अतुल कुमार, संतोष शर्मा, दिनेश सोनी, अंकू जयसवाल सन्नी शर्मा मौजूद थे।

**झारखंड के हक और अधिकार की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ हेमन्त सोरेन ही लड़ सकते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो के नेता और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च किया। यह मार्च झामुमो जिला कार्यालय से बाजार भ्रमण करते हुए कचहरी तक गया। झामुमो ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार द्वारा झारखंड के हक और अधिकार को लगातार कुचला जा रहा है। भाजपा की सभी नीति और कार्यक्रमों में झारखंड की उपेक्षा की जा रही मार्च का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। झामुमो अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि झारखंड के हक और अधिकार की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ हेमन्त सोरेन ही लड़ सकते हैं। झामुमो ने लड़ कर झारखंड को अलग कराया था। झामुमो की नेतृत्व वाली सरकार ने अपने नेता हेमंत सोरेन के नेतृत्व में केंद्र सरकार से लड़ झारखंड के हक का 1 लाख 36 हजार करोड़ वापिस लाया है। केन्द्र की सरकार झारखंडियों के अधिकार को छीनने में लगी है। वहीं हमारे मुख्यमंत्री जी ने माताओं बहनों को मईया सम्मान योजना के रूप में उनका अधिकार दिया है। अबुआ आवास, 200 यूनिट बिजली फ्री जैसी योजनाएं झामुमो सरकार चला रही है। भाजपा ने बाहरियों के साथ मिल कर युवा हितैषी झारखंडी नियोजन नीति को रद्द करवाया है। सरना धर्म कोड और 1932 का खतियान लागू हो ये झारखंड भाजपा के लोग और केंद्र की सरकार नहीं चाहती है।

### मेराल प्रखंड के कई गांव का राजद युवा नेता ने किया दौरा, सुनी समस्याएं

**मेराल।** राजद के युवा नेता सह गढ़वा रंका विधानसभा के भावी प्रत्याशी सोनू यादव ने शुक्रवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लोवादाग,अधौरा ,अधौरी जैसे विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान वे गांवों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका हल कराने का भरपूर आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विभिन्न तरह की समस्याएं हैं, जिसमें पीने की पानी की सबसे बड़ी समस्या है।अभी भी कई सड़क जर्जर स्थिति में है। विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान के जनप्रतिनिधि को इससे कोई मतलब नहीं है।वर्तमान जनप्रतिनिधि व पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास का कोई काम नहीं किया गया है। सभी जनप्रतिनिधि केवल व केवल अपना पेट भरने का काम किये हैं। सोनू यादव ने लोगों से अपील किया है कि राजद से जुड़े व लालू यादव के हाथों को मजबूत करें। इस दौरान भूपेन्द्र यादव,अवध किशोर यादव, अजय ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### नाथा गांव में सरकारी कृषि भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**हरिहरगंज।** जिला प्रशासन के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कौवाखोह के समीप नाथा गांव स्थित कृषि फार्म पर अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनीष सिन्हा ने बताया कि कृषि विभाग की जमीन पर घेराबंदी को तोड़कर रामवृक्ष मस्ताना पिता जानकी महतो के द्वारा करीब 16 डिसमिल भूमि पर अवैध दखल कब्जा कर झोपड़ी का निर्माण किया गया था। इसे लेकर कई बार नोटिस भेजी गयी थी। नोटिस की अवमानना के बाद शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस अभियान में अंचलाधिकारी मनीष सिन्हा के अलावे अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, अंचल अमीन सूरज कुमार, राजस्व कर्मचारी संतोष उरांव एसआई विगेश कुमार राय, राकेश कुमार, शशि शेखर पांडेय, हेमन्ती बक्शी सहित पुलिस बल शामिल थी।

### हाईमास्ट लाइट 6 माह से खराब,नहीं ले रहा कोई सुध, रात में होती है परेशानी

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड के दैनिक बाजार प्रांगण में लगाया गया हाईमास्ट लाइट करीब 6 माह से खराब पड़ा है। इसके बावजूद इसे ठीक कराने को लेकर किसी ने अब तक इसकी सुध नहीं ली है। लोगों का कहना है कि इसके खराब रहने से बाजार क्षेत्र के बड़े दायरे में रात के अंधेरा से परेशानी होती है। दुकानों की असुरक्षा को लेकर दुकानदारों में डर समाया रहता है। दैनिक बाजार क्षेत्र में ही बैंक भी हैं। रेलवे स्टेशन की वजह से बाजार क्षेत्र से गुजरने में यात्रियों को भी अंधेरा के कारण असहजता महसूस होती है। बताया गया कि विधायक संजय कुमार सिंह यादव के प्रथम कार्यकाल में ही इस प्रखंड मुख्यालय में यही एक मात्र हाईमास्ट लाइट खड़ा किया गया था। इसके बाद से इसमें बड़ी खराबी आने पर 2015 कार्यकाल के वार्ड सदस्य राजू चौरसिया की कोशिश से इसकी खराबी दूर हो गई थी। जबकि इस बार खराब होने पर इसे ठीक करने की दिशा में अब तक किसी का प्रयास नहीं हुआ है। ऐसे में हाल के महीनों में चोरी की बढ़ती वारदातों और भादो माह के घनघोर अंधेरे को देखते हुए लोगों ने इसे ठीक करने की दिशा सकारात्मक कदम उठाने की मांग प्रखंड प्रशासन से की है।

### प्रखंड से प्रदेश का नेतृत्व मिलने से राजद को मिलेगी मजबूती

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष रिजवान खान को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव, जबकि हुसैनाबाद के निवर्तमान जिला पार्षद मदन पासवान को प्रदेश महासचिव बनाये जाने के बाद क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं को उत्साह बढ़ गया है। पार्टी नेता अजहर अली, अलाउद्दीन खान, बलि यादव सहित कई अन्य ने कहा कि प्रखंड स्तरीय समर्पित कार्यकताओं को प्रदेश का नेतृत्व देने की पहल क्षेत्रीय पूर्व विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने की है। उन्होंने रांची से वापस आने पर नव मनोनीत नेताओं को जमकर स्वागत भी किया है। साथ ही उन्हें झारखंड के कई जिलों में पार्टी की गतिविधि और मजबूती की दिशा में प्रयास बढ़ाने के मार्गदर्शन भी दिया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रखंड स्तर पर जूझ रहे संघर्षशील पार्टी नेता रिजवान खान और मदन पासवान को प्रदेश कार्यकारणी में स्थान देकर गरीबों, दलितों व कुचले वर्ग के उत्थान व उनके क्षेत्र में विकास के पूर्ववत पूरी लगन व मेहनत के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में होने वाली विधानसभा चुनाव में सभी बूथों को सशक्त करने का भी निर्देश प्रखंड से पंचायत स्तर तक के कार्यकताओं को दिया गया है।

### युवा विरोधी हेमंत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगा झारखण्डी युवा : रामाशीष यादव



**उंटारी रोड।** केंद्र सरकार के सलाहकार सदस्य सह भाजपा नेता रामाशीष यादव शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए रामाशीष यादव ने कहा कि 2019 में 5 लाख नौकरी का झांसा देकर हेमंत सोरेन ने युवाओं को ठगने का काम किया। 5 लाख नौकरी छोड़िये ये भ्रष्टाचारी सराकर तो 5 हजार नौकरी भी पारदर्शी तरीके से नहीं दे पाई। हेमंत सरकार ने भर्ती परीक्षाओं के नाम पर भी युवाओं को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### ऑनलाइन होगा फसल बीमा का पंजीकरण

**मेदिनीनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक व कृषि मित्रों को आदेश जारी किया है। जिसमें बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 - 25 का सफल क्रियान्वयन अतिआवश्यक और अतिशीघ्र करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कृषकों को अधिक से अधिक आच्छादित करने और योजना का प्रचार प्रसार करने का दिशा निर्देश प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को वर्ष 2024 - 25 से पूरे झारखंड राज्य में कार्यान्वित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत मौसम खरीफ 2024 - 25 में अगहनी, धान, भदई, मकई फसलों का बीमा किया जाना है। इस योजना का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31अगस्त तक निर्धारित है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कर्मी, लगा गंदगी का अंबार

## मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन और तेज किया जायेगा : ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** निकाय में कार्यरत दैनिक, मानदेय कर्मी का सेवा नियमित करने की मांग के समर्थन में हुसैनाबाद में कार्यरत कर्मियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। विगत दिनों उन्होंने हुसैनाबाद विधायक के नाम मांग पत्र सौंपा था। शुक्रवार को कर्मचारियों ने जेपी चौक, अंबेडकर चौक होते विभिन्न गलियों में भ्रमण कर हड़ताल का एलान कर दिया। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर नारे भी लगाए। फेडरेशन के अध्यक्ष उमेंद्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी लगातार सरकार से मांगें पूरी करने का आग्रह कर रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों में निकाय कर्मी का वेतन भुगतान के लिए सरकार अपने स्तर से शत -प्रतिशत आवंटन निर्गत करें। निकाय में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों का तमाम तरह का सेवानिर्वृत्ति का लाभ और सेवानिवृत्ति का भुगतान सरकार अपने कोष से करें। निकाय, निगम में उच्चतर पदों पर निकाय कर्मियों से ही पदोन्नित प्रदान की जाए, आउटसोर्सिंग का मजदूरी का भुगतान सरकार अपने स्तर से कर भ्रष्टाचार समाप्त करें। जीवन बीमा का लाभ निकायकर्मियों को सरकार द्वारा किया जायें आदि मांगे शामिल है। उन्होंने आंदोलनात्मक कार्यकम की जानकारी देते हुए बताया कि 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। कर्मचारी सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भी विचार नहीं किया गया तो, आंदोलन को तेज किया जायेगा। कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से शुक्रवार से हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कार्य प्रभावित हो गया है। और सभी जगहों पर कूड़े का अंबार लग गया है। मालूम हो कि शहर में प्रतिदिन आठ से दस ट्रैक्टर कूड़ा का उठाव होता है।

## आक्रोशित शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय में की तालाबंदी

### तीन सहायक अध्यापकों के मानदेय पर रोक के बाद उठाया यह कदम




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** निवर्तमान क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद रामनरेश राम के स्वेच्छाचारिता,भयादोहन, मनमानी रवैये पर सहायक अध्यापकों के समूह ने बीआर कार्यालय हैदरनगर में अघोषित तालाबंदी कर दी है। शिक्षक संघ के संयोजक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि तीन सहायक अध्यापक संजय राम, राजेन्द्र पाल, योगेन्द्र साहू का विगत पांच माह से सेवा व मानदेय भुगतान पर रोक लगाने को लेकर संघ को यह कदम उठाना पड़ा है। जबकि गत पांच माह से उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई जाती रही है, पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आक्रोशित सहायक अध्यापकों ने बीआरसी कार्यालय का घेराव के बाद तालाबंदी कर दी है। तालाबंदी पूर्व शिक्षक प्रतिनिधियों ने कार्य नहीं तो कार्यालय में रहने का कोई औचित्य नहीं बताकर यहां मौजूद बीपीओ अजय कुमार रवि समेत अन्य कर्मियों को बाहर कर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम ने सहायक अध्यापकों के सभी शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र सत्यापन, प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार से अनुमोदन के बावजूद भी नियम विरुद्ध उनके सेवा व मानदेय पर रोक लगाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि तीनों सहायक अध्यापकों की सेवा व मानदेय बहाल होने तक संघर्ष व तालाबंदी जारी रहेगी। इस आंदोलन में प्रखंड सचिव संजय राम, अंजनी सिंह, रामराज राम, माया कुमारी, प्रबल सिंह, निरंजन सिंह, राकेश सिंह, शैलेश सिंह, संतोष पांडेय, अजय शर्मा, योगेन्द्र साहू, प्रेमजीत सिंह, अमित शर्मा, शिवनाथ राम, शिवनाथ मेहता, श्रवण श्रीवास्तव, राजेन्द्र पाल, प्रदीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सच्चिदानंद सिंह, विनोद यादव, संदीप रंजन सहित कई सहायक अध्यापक शामिल थे।

## ईविद्या वाहिनी से शिक्षकों और छात्रों का उपस्थिति भेजने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** प्रखंड संसाधन केन्द्र (बीआरसी) कार्यालय केतार में शुक्रवार को मासिक गुरू गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त गोष्ठी में प्राथमिक विद्यालय और मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बीपीएम रवि कुमार बैद् ने प्रभारी प्रधानाध्यापकों को शत प्रतिशत एमडीएम एसएमएस रिपोर्ट प्रतिदिन भेजने, किचन शेड मरम्मती कराने, रसोईया को आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने और सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिलाने, आठवीं कक्षा के बच्चों को साईकिल वितरण कराने और मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने, बच्चों को आधार कार्ड बनवाने, प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से जोड़ने, छात्र छात्राओं का बैंक खाता खुलवाने, ईविद्या वाहिनी से शिक्षकों और छात्रों का उपस्थिति भेजने का निर्देश दिया गया। वहीं वित्तिय वर्ष 2024-25 में सामान्य कोटि के छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का फार्म भरकर बीआरसी कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों का पोषाक डीबीटी प्रतिवेदन जामा करने का निर्देशित किया गया। वहीं प्रयास कार्यक्रम के तहत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने को कहा गया। इस मौके पर एमडीएम आपरेटर राम विजय गुप्ता, प्रधानाध्यापक रामानंद प्रसाद, प्रिंस कुमार, संजीव आनंद, सरिता देवी, अखिलेश मिश्रा, विजय कुमार, धर्मनाथ पासवान, राम प्रवेश मेहता, विरेंद्र राम,दिपक पाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सरकार संघ की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है: सिंह

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ पलामू के द्वारा 32 वें दिन स्थानीय समाहरणालय परिसर में अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया गया। धरना में जिले के सभी मनरेगाकर्मी उपस्थित थे। धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की। इस मौके पर सभी मनरेगाकर्मी उपस्थित थे। पंकज सिंह ने कहा कि सरकार संघ की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। मौजूद मनरेगाकर्मियों ने मांगे पूरी होने तक यहां डटे रहने का संकल्प दुहराया। मौके पर जिला संयोजक चंद्रशेखर दुबे, जिला महासचिव पवन, जिला उपाध्यक्ष नारद पाहन, जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, अख्तर हुसैन सहित कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## सीएसपी बैंक में चोरी करने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**




**विशुनपुरा।** मुख्यालय झारखंड राज्य ग्रामीण वैंक के पास बीती रात्रि एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र वैंक लूट का असफल प्रयास करने का मामला सामने आया है। ग्राहक सेवा केंद्र विशुनपुरा झारखण्ड राज्य ग्रामीण वैंक भवन के पहली मंजिल पर है। जानकारी के अनुसार ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मदन प्रसाद गुप्ता प्रत्येक दिन की तरह बीती गुरुवार को शाम 8 बजे वैंक बंद कर घर चले गए थे। दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह जब बैंक खोलने पहुंचे तो देखा कि ग्रिल का दरवाजा में लगा ताला छतिग्रस्त था, लेकिन टाला खुला नही था। सीसीटीवी का तार निकाला हुआ था। इसके बाद वैंक संचालक लूट की असफल आशंका से सकते में आ गया। तत्काल इसकी जानकारी विशुनपुरा थाना को दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने घटना की जानकारी लिया। उंसके बाद पुलिस ने छतिग्रस्त ताला को चाभी से खोलने का प्रयास किया, लेकिन ताला नही खुला। इसके बाद ताला को तोड़वाया गया। घटना स्थल पर लोहे का कुंडी, ब्लेड, ईंट पाया गया। पुलिस सीसीटीवी खंगालने में लगी है। अपराधी पकड़ में नही आया है। मालूम हो कि आये दिन विशुनपुरा मुख्यालय में लगातार छोटी बड़ी चोरी, लूट की घटना सामने आ रही है। छह माह पूर्व ही विशुनपुरा पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरों ने दो बैटरी को चुरा लिया था, लेकिन अभी तक चोर पुलिस के पकड़ से बाहर है। वहीं विशुनपुरा व्यवसायी प्रशांत गुप्ता के मोबाइल दुकान से लाखों रु की मोबाइल चोरों ने चोरी कर उड़ा ले गये थे। मालूम हो कि मई 2022 में भी सीएसपी संचालक मदन प्रसाद गुप्ता के साथ लूटकांड की बड़ी घटना घटी थी। लूट कांड थाना क्षेत्र के मझिगवां मोड़ के पास लुटेरों ने 4 लाख 53 हजार रु की लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद से ही सीएसपी संचालक सदमे में थे। घटना को लेकर विशुनपुरा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने काफी चिंता व्यक्त किया है। इस तरह की घटना से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय में लगातार चोरी व लूट की घटना घट है, जिससे सभी व्यवसायी असहज महसूस कर रहे है। सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने के बाद भी घटना को अंजाम दे दिया जाता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अविलंब लुटेरों को चिन्हित कर पकड़ने की मांग की है।

### पीएमओ ने राज्य के मुख्य सचिव को सूचना उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

## आरटीआई कार्यकर्ता ने नल-जल योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए पीएमओ को लिखा था पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** जल जीवन मिशन के तहत विश्रामपुर प्रखंड के पंचायतों में कराएं जा रहे नल जल योजना में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए आरटीआई कार्यकर्ता संपूणार्नंद सिंह के द्वारा जांच व कार्रवाई हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पत्र लिखा गया था, जिसमें पेयजल व स्वच्छता विभाग की संलिप्तता का जिक्र करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराने का भी जिक्र किया गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुभाग अधिकारी शिखा शर्मा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर संपूणार्नंद सिंह द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने निर्देश दिया है। यहां बताते चलें कि आरटीआई कार्यकर्ता संपूणार्नंद सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे



जल नल योजना में गबन के मामले की जांच हेतु पीएमओ कार्यालय को पत्र लिखा था, जिसके बाद पीएमओ द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को जांचोपरांत कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया है। पीएमओ कार्यालय द्वारा इसकी एक प्रति संपूणार्नंद सिंह को भी भेजा गया है। गौरतलब है कि पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा निविदा निकाल कर जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में जल नल योजना का कार्य कराया जा रहा है। संवेदकों के द्वारा विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य से अधिक पैसों की निकासी कर ली गई है सिंह द्वारा जिला कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज करवाई।इसके बाद भी कोई कार्रवाई न होते देख सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी गई। जानकारी भी समय से उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके बाद संपूणार्नंद सिंह ने प्रधानमंत्री कार्यालय को जुलाई माह में पत्र भेजा था।साथ ही उपलब्ध कराई गई सूचना व संवेदक के द्वारा बरती गई अनियमित का भी जिक्र किया गया था। उनके द्वारा साक्ष्य के तौर पर कई दस्तावेज भी पीएमओ को भेजा गया था। संपूर्णानंद सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी।

### शिक्षाविद् ने जपला के इतिहास पर प्रकाश डाला, कहा

## जपला का मध्यकालीन नाम जपिला था

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को उदयन पब्लिक स्कूल जपला में क्षेत्रीय इतिहासकार एवं शिक्षाविद् अंगद किशोर ने छात्र-छात्राओं के बीच जपला के इतिहास पर विस्तृत रूप से चर्चा की। किशोर ने हाई स्कूल के बच्चों के बीच जपला का इतिहास पर व्याख्यान देते हुए कहा कि 12 वीं शताब्दी में जपला खरवार राजवंश के शासक प्रताप धवल देव की राजधानी थी। पलामू, रोहतास और औरंगाबाद जिले में खरवार राजवंश के अभी तक 14 शिलालेख और ताम्र अभिलेख मिले हैं। यह राजवंश ने उक्त जिलों में 500 से अधिक वर्षों तक शासन किया है। जपला का मध्यकालीन नाम जपिला था, जो अंग्रेज काल में जपला में तब्दील हो गया। प्रताप धवल देव के दो शिलालेख जपला में भी मिले हैं। जपला का इतिहास जानकर छात्र -छात्राओं में काफी कौतूहल और जिज्ञासा देखी गई। अंगद किशोर ने बताया कि क्षेत्र में इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा पुरास्थलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के बीच स्थानीय इतिहास की चर्चा प्रारंभ की गई है। उद्बोधन के पूर्व श्री किशोर ने विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार द्विवेदी को अपनी सद्य प्रकाशित चर्चित पुस्तक 'झारखंड का मौर्यकालीन नगर जपला' भेंट की।

## पेज एक का शेष

**सेबी ने अनिल...**

सेबी ने कहा, गलत तरीके से लोन दिए जाने पर आरएचएफएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की ओर से आपत्ति जताई गई थी और कहा था कि कंपनी कॉरपोरेट लोन को समय पर रिव्यू करे, लेकिन कंपनी के मैनेजमेंट ने इसे नजरअंदाज कर दिया। यह एक कंपनी में गवर्नेंस की नाकामी थी। यह अनिल अंबानी के प्रभाव में आकर मैनेजमेंट ने किया था। नियामक ने आगे कहा कि मैनेजमेंट की ओर से ऐसी कंपनियों को सैकड़ों करोड़ के लोन दिए गए जिनके पास न कोई संपत्ति, न कैश फ्लो, न नेटवर्थ और कोई आय भी नहीं थी। बैन किए गए अन्य 24 में आरएचएफएल के वरिष्ठ अधिकारी जैसे अमित बापना, रवींद्र सुधालकर और पिंकेश आर शाह शामिल हैं। सेबी द्वारा बापना पर 27 करोड़ रुपये का जुमार्ना, सुधालकर पर 26 करोड़ रुपये और शाह पर 21 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। रिलायंस यूनिकॉर्न एंटरप्राइजेज, रिलायंस एक्सचेंज नेक्स्ट, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस, रिलायंस क्लिन्जेन, रिलायंस बिजनेस ब्रॉडकास्ट न्यूज होल्डिंग और रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का नाम इस बैन में शामिल है। ये कंपनियां फंड की हेराफेरी करने में भागीदार थी। इन सभी में से प्रत्येक पर 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

**रणक्षेत्र में बदला...**

उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। आज इस रैली में युवा हेमंत सोरेन के झूठे वादों का हिसाब मांगने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हेमंत सोरेन में थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो उन्हें राज्य के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि परिवारवाद में डूबी हेमंत सोरेन सरकार आदिवासियों की बातें करती है और दूसरी तरफ परिवार के बाहर के आदिवासी नेता चंपई सोरेन को सीएम की कुर्सी से बेइज्जत कर उतार देते हैं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज सहित कई अन्य नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली में आ रहे युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, रांची, हजारीबाग, धनबाद, जामताड़ा सहित कई जिलों में रोका गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## नेपाल बस दुर्घटना में 24 लोगों के शव बरामद, बचाव अभियान जारी



**काठमांडू।** नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 24 शव बरामद कर लिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की यूपी नंबर की बस संतुलन खोने के बाद नदी में जा गिरी। इस बस में 43 भारतीय यात्री सवार थे। यह बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। घटना स्थल पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। घटना स्थल पर बीच-बीच में हो रही बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन करने में सेना के जवानों को काफी मुश्किल आ रही है। तनहुन के एसपी वीरेंद्र शाही ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। जल्द ही बाकी लोगों को भी रेस्क्यू कर लिया जाएगा। बस में महाराष्ट्र के कुछ लोग भी सवार थे। इस हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। ड्राइवर मुर्तजा गोरखपुर का रहने वाला था।

# एंटीबायोटिक, एलर्जी, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन, बुखार, हाई ब्लड प्रेशर सहित 156 दवाओं के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर रोक

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक, एलर्जी की दवा, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन , बुखार व हाई ब्लड प्रेशर सहित 156 दवाओं के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर रोक लगा दिया। इसका कारण है इन फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन वाली दवाओं का स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होना। इसको लेकर जब देश - विदेश के कई संस्थाओं व संगठनों ने इस मामले को प्रमाण सहित उठाना शुरू किया तब सरकार को इसके लिए मजबूर होना पड़ा। उसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के प्रोडक्शन, बिक्री और वितरण पर रोक लगाई है।

इस तरह केंद्र सरकार ने कई दवाओं के मेल से बनी दवाइयों (फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन) पर रोक लगा दी है। ऐसी दवाओं में एंटीबायोटिक, एलर्जी की दवा, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन , बुखार, हाई ब्लड प्रेशर के लिए दी जाने वाली दवाएं शामिल हैं। यह फैसला ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (DTAB) और केंद्र सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया है। सरकार के नोटिफिकेशन में कहा गया है, 'केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने इस मामले की जांच की। दोनों ने सिफारिश की कि इन फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन में शामिल सामग्री का कोई चिकित्सीय औचित्य नहीं है।

## ये दवाएं भी लिस्ट में शामिल



कुछ खास दवाओं को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन लिस्ट में शामिल किया गया है। इनमें मेफेनैमिक एसिड और पैरासिटामोल इंजेक्शन का मिश्रण शामिल है। इसका उपयोग दर्द और सूजन को कम करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, ओमेप्राजोल मैग्नीशियम और डाइसाइक्लोमाइन HCl का संयोजन भी शामिल है। इस संयोजन का उपयोग पेट दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। DTAB ने इन दवाओं के दावों को सही नहीं पाया। उनका मानना है कि इनसे मरीजों को फायदा कम , नुकसान ज्यादा है। इसलिए, जनहित में इन दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी गई है। यह रोक Drugs and Cosmetics Act 1940 के सेक्शन 26A के तहत लगाई गई है। अब रोक लगाने पर सवाल यह उठने लगा है कि पहले क्या इन दवाओं का बेहतर तरीके से जांच नहीं किया गया था? बिना पूरी तरह प्रक्रिया का पालन किये ही दवा को बाजार में बेचा जाने लगा ,और डॉक्टर लोग दवा कंपनियों के प्रमोटर बन कर इन्हें मरीजों को देने लगे थे? यह सब तो दवा कंपनियों व डॉक्टरों तथा सरकार के मिलीभगत के बिना हो नहीं सकता है? क्योंकि यह बहुत बड़ा रैकेट जैसा बन गया है। अब तक इन दवाओं से कितने लोगों , मरीजों को नुकसान हो गया होगा, इसकी भरपाई कैसे होगी?

# रूस-यूक्रेन बिना समय गंवाए करें शांतिवार्ता

## भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूक्रेन आया, यह एक ऐतिहासिक घटना



एजेंसी

**कीव।** युद्धग्रस्त यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कीव में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों के बीच मरियिंस्की पैलेस में 3 घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां शांति का संदेश लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने कहा संघर्ष का समाधान जंग के मैदान में नहीं निकल सकता। उन्होंने कहा कि बिना वक्त गंवाए हमें शांति के समाधान की ओर बढ़ना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा 'कुछ समय पहले जब समरकंद में (रूसी) राष्ट्रपति पुतिन से मिला था तो मैंने साफ कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मैं पिछले दिनों रूस में मुलाकात के लिए गया था। वहां भी मैंने साफ-साफ कहा कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में कभी नहीं हुआ है। समाधान का रास्ता बातचीत और डिप्लोमेसी से निकलता है। हमें बिना समय गंवाए उस दिशा में बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैं आपको (राष्ट्रपति जेलेंस्की को) मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूक्रेन आया है जो अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। शनिवार को आपका राष्ट्रीय दिवस है और हम आपको इसके लिए बधाई देते हैं। हम यूक्रेन में शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

**चार समझौतों पर हस्ताक्षर :** इस दौरान दोनों देशों के बीच 4 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें मानवीय सहायता,संस्कृति, चिकित्सा और कृषि क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। पीएम मोदी और जेलेंस्की की मुलाकात के बाद कीव में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह कीव पहुंचे और हमने अभी-अभी उनकी आधिकारिक बैठकें पूरी की हैं। यह एक ऐतिहासिक यात्रा है। 1992 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन का दौरा किया है।



### मोदी ने यूक्रेन युद्ध में मारे गए मासूमों को दी श्रद्धांजलि

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए बच्चों की याद में निर्मित स्मारक पर राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृति को नमन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि युद्ध बच्चों के लिए अत्यंत विनाशकारी होता है। दोनों नेताओं ने शहीद बच्चों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# शाह ने नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र को लेकर राहुल से पूछे 10 सवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के गठबंधन पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी से 10 सवाल पूछे हैं। शाह ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है। शाह ने एनसी के घोषणा पत्र को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से 10 सवाल पूछे हैं। अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर को लेकर मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को सामने रखते हुए अलग पोस्ट में कहा, मोदी सरकार ने 'आर्टिकल 370 और 35ए' हटाने के बाद वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पहाड़ियों और पिछड़ों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करके उन्हें आरक्षण देने का काम किया।

1. उन्होंने पूछा है कि क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है?
2. क्या राहुल गया गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है?
3. क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
4. केंद्रीय गृह मंत्री ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
5. क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
6. क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के वादे के साथ है?
7. क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत फिर से तख्त-ए-सुलिमान और हरि पर्वत फिर से कोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएं?
8. अमित शाह ने आगे पूछा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है?
9. क्या कांग्रेस पार्टी जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?
10. क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** डिजिटल बैंकिंग में करियर बनाने के लिए आपको जानना पड़ेगा कि डिजिटल बैंकिंग क्या होती है? आसान भाषा में कहें तो डिजिटल बैंक और ट्रेडिशनल बैंक एक ही प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। इनमें बस फर्क यह होता है कि बैंक की ब्रांच की तरह डिजिटल बैंक की कोई फिजिकल बैंक नहीं होती। यह पूरी तरह से ऑनलाइन संचालित होता है और तकनीक की मदद से बैंक को ही ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है।

# डिजिटल बैंकिंग में बना सकते हैं अपना करियर

## डिजिटल बैंकर बनने के लिए स्किल्स

उद्योग केंद्रित और तकनीकी कौशल के अलावा, डिजिटल बैंकिंग प्रोफेशनल्स के पास पारस्परिक कौशल, संचार, संख्यात्मक और विश्लेषणात्मक कौशल, तार्किक तर्क और सेल्स और ग्राहक संबंधों की इन-डेप्थ जैसे सॉफ्ट स्किल्स होने चाहिए। साथ में, ये एक ठोस नींव रखेंगे जिस पर प्रोफेशनल्स एक सफल डिजिटल बैंकिंग करियर का निर्माण कर सकते हैं।

**डिजिटल जागरूकता:** प्रमुख डिजिटल बैंकिंग पहलू की बुनियादी समझ होना महत्वपूर्ण है और इसे व्यवसाय में कैसे लागू किया जा सकता है। आज की कनेक्टेड दुनिया में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को वरीयता दी जा रही है। डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग और बिक्री प्रमुख बिंदु हैं। नए बैंकिंग साधनों से परिचित होने के लिए नई तकनीकों को अपनाना आवश्यक है।



**डेटा कौशल सेट:** डाटा एनालिसिस निर्णय लेने और समस्या-समाधान के लिए महत्वपूर्ण है और बैंक्स में इसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। ग्राहक विभाजन (सेगमेंटेशन) से निपटने के लिए डेटा-संचालित दृष्टिकोण बैंकों को लक्षित दर्शकों को संदेश देने की अनुमति देता है। बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने और अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने के लिए डेटा कौशल सेट ज़रूरी हैं।

**डिजिटल दुनिया में रिस्क मैनेजमेंट:** फाइनेंशियल सेवाओं के डिजिटेशन के युग में, नए प्रकार के जोखिम प्रचुर (अबन्डेंट) हैं। सिंथेटिक पहचान धोखाधड़ी, साइबर सुरक्षासे संबंधित जोखिम वास्तव में ग्राहक अनुभव पर बैंक के नियंत्रण के लिए खतरा हो सकते हैं। धीरे-धीरे, बैंकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके फर्जी ग्राहकों से असली में अंतर करना चाहिए। ऐसे जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने में सक्षम होना किसी के लिए महत्वपूर्ण है।




## करियर रोल्स

- **विशनरी:** इंडस्ट्री में बहुत तेजी से कई बदलाव आ रहे हैं। नए नियम और अनुपालन, नई उपभोक्ता अपेक्षाएं, नई टेक्नोलॉजीज, नए प्रतिस्पर्धी व्यापार मॉडल – सभी रोज़ बदलते हैं। इसके अलावा, इन परिवर्तनों के बीच परस्पर क्रिया चीजों को और भी काम्प्लेक्स बना देती हैं।
- **तकनीशियन:** रिटेल बैंकिंग अब ऐसा व्यवसाय नहीं रह गया है जहां एक मजबूत लेखांकन या वित्त पृष्ठभूमि होना ही काफी है।
- **डिज़ाइनर:** सफल डिजिटल बैंकिंग को भी डिजिटल डिज़ाइन को समझने की जरूरत होती है। वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और नियोबैंक बैंकिंग उद्योग में लाए गए यूजर अनुभव और फ्रंट एन्ड को डिजाइन करने का एक ताज़ा नया तरीका था। इंटरफ़ेस अनुभव से शुरू हुआ काम आज और भी गंभीर होता जा रहा है।

## डिजिटल बैंकिंग में करियर क्यों बनाएं

- भारत में डिजिटल बैंकिंग का प्रसार बड़े पैमाने पर हुआ है।
- नोटबंदी के समय से ही देश में कैश की कमी के कारण लोगों ने डिजिटल बैंकिंग की शुरुआत की और शिफ्ट किया, सभी ने इसे सीखा और इसका प्रचार-प्रसार किया।
- कोरोना आपदा के दौरान डिजिटल पेमेंट में काफी इजाफा हुआ। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने भी एक नोटिफिकेशन जारी कर लोगों से डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने का आग्रह किया है।

## डिजिटल बैंकिंग के उपयोग

- डिजिटल बैंकिंग हर समय उपलब्ध होती है। ग्राहकों के पास डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से अपने पैसे तक लगातार 24/7 पहुंच है, साथ ही इसका उपयोग करने और खर्च करने के और भी तरीके हैं। इसका तात्पर्य यह है कि जो लोग एक अतिरिक्त घंटे का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं उन्हें शाखा में जाने या उसके आसपास शनिवार की सुबह निर्धारित करने की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल बैंकिंग ऐप ग्राहकों को अपने खाते की शेष राशि की जांच करने, बिलों का भुगतान करने, पैसे ट्रांसफर करने, ऋण के लिए आवेदन करने और सड़क पर खरीदारी करने की अनुमति देते हैं। ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कंप्यूटर के सामने बैठने या किसी ब्रांच में जाने की आवश्यकता नहीं है।